With regards
and
gratitude
To
Our respected
Vinod Chandra Pande

Contents

Editorial

1857 has played an important role, not only in the history of India but in the history of Rajasthan also. Role played by Khushal Singh of Ahuwa, whether because of his differences with his overlord Maharaja of Jodhpur on 'Rekhchakri' accounts or of national instinct,may be a matter of controversy; is significant. We can take it a beginning of the peoples movement in this part of the country. The role played by Swamis-Dayanand and Vivekanand-in awaken the people is significant. The movement right from 1878 to 1950,whether big or small was agrarian in nature. However after the formation of Praja Mandals and Parishads in 1938-39 the demand for responsible government was also added.

There is dearth of material and the private record is more valuable than the official reeord. From this view, such publication also saves the record if the original record is destroyed or perished.

These records are in the form of **Police Reports** which contain the reports about the activities of various leaders of Praja Mandal and Movements launched by them. The enquiries conducted by officers of the State and of the Britishers are also an interesting addition in this-section. Letters, containing the reports of local leaders on the movements launched & the cruelty adopted by the then administration to crush the movement. Some of these letters are to seek guidance from all India leaders about local problems. These letters also include the category of letters written by the local leaders to the Princes and their Administrators to avoid confrontation and to adopt reconciliation to give minimum facilities to their people whom they govern, and viceversa. News Papers cuttings **and Proscribed literature** is also a speaciality of these records. Official records of various Praja Mandal units and All India State People's Conference, New Delhi are also valuable. The role played

by Rajputana Madhya Bharat Sabha and Rajasthan Sevasangh have also been included

The study of these records would reveal that Praja Mandal Movement was mostly for redressing the local grievances, responsible governments in the princely states under the umbrella of blessings of the Maharajas But thess movement helped the people in carrying on reforms in the field of education, society, caste religion etc. These movement get their base always in agrarian conditions So an analytical study of these records would help the scholars to write the correct accounts and also administration for social, cultural and economic upliftment of the people

Shodhak has acquired/collected a great deal of material and has planed to publish this in Ten Volumes Project The present is first of these series This first volume is of miscellaneous records Other volumes in the series will be of specific record on specific issues or problems. I hope our project would be a service to the academic world.

—Ram Pande

Selections from Haribhau Upadhyay Papers

1. Karauli Rajya Praja Mandal

Nehru Memorial Museum and Library, New Delhi is in possession of Haribhau Upadhyay Papers. Haribhau Upadhyay has played an important role in the freedom struggle of Rajputana Princedoms. The letters which are produced here are of file No. 141 of the papers.

Karauli was a State in the Eastern Rajputana, lying between 26°3' and 26°49' N and 76°34' and 77°24' E with an area of 1242 square metres. As recorded in the file Trilok Chand Mathur was initial worker of the Congress. He along with his inmates founded Karauli Rajya Sewak Sangh. To meet economic aspect of the movement Madan Khadi Kutir was also started under the cooperative guidane of Rajasthan Charkha Sangh. Later on they founded Congress and then Praja Mandal. The papers give a very interesting account not only of a political movement but also an inner picture of the leaders. In 1946, one of the leaders of Praja Mandal Chiranji Lal Sharma rightly observed about the peoples participation in the movement and economic difficulties faced by workers.

It is interesting to note that it is nowhere mentioned in these letters about the clear aims of the movement. It is clear that the movement was directed against neither Raja nor British directly but only for redressing the local grievances. Papers are important for researchers who want to work on Working of Praja Mandals in the former States of Rajasthan.

The papers reflect on group fighting in National Congress at national level as well as provincial levels. In 1940 the correspondence suddenly stops, perhaps due to the deatq of Trilok Chand Mathur, and resumes in 1946. In 1942 Mahatma Gandhi called upon the country to launch 'Quit India. In Karauli Rajya what was the position, it is not available in these private papers. To fill the gape one has to depend on official archival records.

(1)

करौली राज्य सवक संघ करौली (राजपूताना)

ता 20 5 38

प्रिय हरिभाउ जी,

सादर सप्रेम वन्दे, जयपुर मे आपने मुझसे बातचीत करने का जो समय निश्चित किया था उसमे आप मुझसे नही मिले, दूसरे रोज एकाएक आप चले गये, केवल शान्ति को वर्धा भेजने के सम्बन्ध मे ही अपनी बातचीत हो पाई, करौली के कार्य के सम्बन्ध मे कुछ बातचीत नही हुई, सेठ जी से भी फिर मिलना नही हो सका। करौली राज्य की सेवा के लिये हमने जो सघ बनाया है उसके नियम वगैरह भी मैं आपको न दे सका अब इसे पत्र के साथ भेज रहा हूँ, आप इन्हे ध्यान से पढें, हम अपने सघ के कार्य मे आपसे सहायता की पूरी अपेक्षा रखत हैं, नियम जल्दी म ही बनाये गये थे, इसलिये अधूरे रह गये हैं अगले वर्ष म हम इनम और परिवर्तन करेंगें।

इन नियमो के पढने से आपको ज्ञात होगा कि हमारी योजना इस प्रकार की है कि खादी, खेती एव पशुपालन द्वारा अपनी गुजर भी करते रहे और स्वावलम्बी होकर सेवा का कार्य भी करते रहें, सेवा करने का हमारा क्षेत्र करौली राज्य ही रहेगा किन्तु राजपुताने की सभी हलचलो मे भाग लेते रहें। हमारी सेवा का दायरा काफी विस्तीर्ण है, राजनैतिक समाजिक आदि सभी प्रकार के कार्य हमारी सेवा मे आजाते हैं। हमारे सामने सबसे बडी कठिनाई यह है कि पैसा अपना निज का बहुत कम है यदि हमे मागताग कर 20000, मिल जाय तो हम हमेशा के लिये उसी रुपये से अपना कार्य चलाते रहे। हमे फिर मागने की जरूरत नही रहेगी, हम पूर्ण आशा है कि इतना धन मिलने के बाद हम बिना पूजी को खोये उम्र भर जनता की सेवा करते रहगे, कम से कम 20-25 कार्यकर्त्ता हम अपनी योजना के अनुसार तैयार कर सकेंगे, आपको हमारे इस कार्य मे सहायता करनी चाहिये, यहाँ के कार्यकर्ताओ की पार्टी आपके disposal पर रहेगी औरा की तरह हम कृतघ्न नही होगे, इस विषय मे बातचीत आपसे मिलकर ही ठीक हो सकती है। चाहिये तो यह कि एक बार आप यहाँ पधारें और देखें कि हमारा काम कैसा चल रहा है, हम सहायता देने योग्य हैं या नहीं, अगर कांग्रेस का काम आप अजमेर का ठीक चलाना चाहते हैं तो आपको दौरा करके राज्य मे जो काग्रेस कमेटियां है उनका सगठन ठीक करना चाहिये, आपको राज्यो से काफी बल मिलगा।

कृपया यह भी लिखें कि राजस्थान संघ का कार्य क्षेत्र जयपुर तक ही परावित रहेगा या अन्य राज्यों को भी उससे सहायता मिलेगी और कुछ नहीं तो फिलहाल एक दो कार्यकर्ता संघ में लेलें और उनके द्वारा करौली में राजनैतिक कार्य होने दिया जाय, चिरंजीलाल इसके लिये तैयार हैं। कृपया मेरे पत्र का उत्तर लौटती डाक से दें।

भवदीय

त्रिलोक चन्द

(2)

26-5-38

प्रियवर माथुर जी,

सस्नेह वन्दे, आपका पत्र तथा आपके संघ का विधान मिल गया हैं मैं बम्बई गया था परसों ही वापिस आया हूँ इससे उत्तर में विलम्ब हुआ, जिसके लिये क्षमाप्रार्थी हूँ, इस बात का मुझे खेद ही रह गया कि करौली के बारे में विशेष बातें नहीं हो पाई, आपकी राय में मुझे कब करौली आना चाहिए, जुलाई में किसी वक्त आऊं तो कैसा ? वहीं अच्छी तरह बातें हो सकेगी।

आपका विधान सरसरी तौर पर देख लिया है ध्यान से देख कर अपनी राय लिखूंगा, आपकी स्वावलंबन की कल्पना मुझे अच्छी लगी है, यहां और मित्रों को भी विधान बताऊंगा, शेष रुपयों की व्यवस्था के लिये या तो चरखा संघ से या सेठ जी से प्राप्त करने का यत्न करना चाहिये, खादी के द्वारा तो आप कुछ मुनाफा उठा ही रहे हैं पशु पालन से भी कुछ लाभ हो सकता है लेकिन कृषि से कहाँ तक होगा यह कहना कठिन है, अब तक का शिक्षित लोगों की खेती का अनुभव अच्छा नहीं है उसमें उन्होंने घाटा ही अधिक उठाया हैं। इसमें आप लोग सोच विचार कर पड़ें।

रुपये प्राप्त करने में मुझसे आप किस प्रकार की सहायता चाहते है।

राजस्थान संघ वैसे तो राजस्थान भर के लिये है मगर जिम्मेदारी उतनी ही ले सकता है जितनी की इसकी शक्ति होगी-धन शक्ति और कार्य संचालन शक्ति-काम बढ़ा लेना तो सहज होता हैं मगर उसे सम्भालना मुश्किल पड़ता है, फिर भी आपके पत्र में सूचित तजवीज पर मण्डल की आगामी मीटिंग में हम लोग चर्चा करेंगे, तब तक यह लिखने की कृपा कीजिये कि चिरंजीलाल जी को पाक्षिक खर्च कितना चाहियेगा ? क्या काम करेंगे ? और वहां किनके तत्वावधान में काम करेंगे ?

चि शान्ति को तो वर्धा भेजना तय हो ही गया है, भागीरथी देवी आज कल यहीं हैं 15-20 रोज रहेंगी वे वर्धा महिला आश्रम की व्यवस्थापिका हैं। यदि असुविधा न हो तो आप उसे लेकर यहा आजाइयें, वह कुछ दिन इनके पास रह लेगी तो और भी अच्छा रहेगा हम लोग करोली के सम्बन्ध मे विशेष बातचीत भी कर लेगें, मैं शायद 20 को रतलाम जाऊँ, 1 जून को लौट आऊगा।

आप मित्रो का जो स्नेह और विश्वास मेरे साथ है भगवान उसके योग्य मुझे बनाये रखे, सब मित्रो को वन्दे, इति।

श्री त्रिलोक चन्द जी माथुर
मदन खादी कुटीर
करौली

स्नेहाधीन
हरिभाउ

(3)

करौली राज्य सेवक संघ, करौली (राजपूताना)

ता. 26-6-38

प्रिय उपाध्यायजी,

सादर वन्दे, आपका कृपा पत्र समय पर ही मिल गया था, किन्तु मैंने पढकर उसे कही रख दिया और फिर तलाश करने पर मुझे न मिल सका कल ही बालकृष्ण जी गर्ग का पत्र मिलने पर यह पत्र आपकी सेवा में भेज रहा हू।

बहतर तो यही होता कि शान्ती कुछ दिन हटून्डी मे भागीरथी बहन के साथ रह लेती, किन्तु वह कुछ दिनो से अपने मामा के घर भरतपुर गई हुई है और वहा उसका इलाज हो रहा है शायद उसे अभी कुछ दिन और ठहरना पडे, यहा से आने पर उसे वर्धा पहुंचाने का प्रबन्ध करूगा।

आपने पूछा है कि मैं आपसे करौली राज्य सेवक सघ के लिए क्या मदद चाहता हूँ सो मैंने आपको पहले भी लिखा था कि सघ को अगर दान से कुछ रुपया मिल जाय तो हमारा सघ हमेशा के लिए स्वावलबी हो जाय, उसे फिर मागने की आवश्यकता न रहे, हम लोगों ने अब तक जो थोडी बहुत यहा की जनता की सेवा की है वह पैसा औरो का दिया ही है, किन्तु जो काम हमारे पास है उसमे अधिकाश दूसरो का रुपया लगा हुआ है, यह पैसा यदि सघ का ही हो

तो हम सूद वगैरह के खर्चे से बच सकते हैं और दूसरों की रुपयों की जो जोखम रहती है वह न रहे, आपने राजपूताने की सभी संस्थाओं की सहायता की है आप इस योग्य हैं भी, इसी लिए आपसे प्रार्थना की थी, रुपया कैसे मिले, कहां से मिले, यह तो आप ही सोच सकते हैं।

खेती के सम्बन्ध में आपने लिखा वह ठीक हैं किन्तु अभी तक हमें इसके घाटे जैसी बात तो नहीं नजर आई, आगे चल कर देखना है क्या फल निकलता है हमें आशा तो अच्छी ही है।

आप जौलाई में कब पधार सकेंगे, सो भी लिखें, आपकी उपस्थिति से हम यह लाभ उठाना चाहते हैं कि यहां के अधिकारियों एवं हम लोगों में कुछ खिचाव का वातावरण चल रहा है वह दूर हो सकता है।

चिरंजीलाल करौली राज्य सेवक संघ के तत्वावधान में ही कार्य करेंगे काम करने की नीति जयपुर राज्य-प्रजा मण्डल जैसी होगी। देशी राज्यों में कार्य करने के लिए हमने महात्मा जी तथा कांग्रेस को ही अपना आदर्श रखा है, उससे बाहर नहीं जायेंगे। चूंकि चिरंजीलाल और एक व्यक्ति और कांग्रेस तथा प्रजा मण्डल का कार्य करेंगे इसलिए उनका खर्चा मौजूदा नियमों के अनुसार हम खादी के काम में से नहीं दे सकते। इसीलिए आपको लिखा था। आप मेरी सब बातों पर गौर करके उचित उत्तर प्रदान करने की कृपा करें। भाई बालकृष्ण जी से वन्दे कहें।

भवदीय

त्रिलोकचन्द

(4)

करौली राज्य सेवक संघ, करौली (राजपूताना)

प्रिय उपाध्याय जी,

ता. 17-6-38

सादर वन्दे आपका कृपा पत्र मिला धन्यवाद आपने अगस्त मे पधारने की बात लिखी है, वह ठीक है जिस समय आपको ठीक अवकाश हो और एक दो रोज ठहर कर यहां कार्य देख सकें तभी पधारें, किन्तु आपको एक बार इधर आना अवश्य है चिरंजीलाल आदि के विषय में भी बात करेंगे। मुझे बुलाने की जल्दी नहीं है दो चार पांच रोज में मैं भी बम्बई एवं अहमदाबाद की ओर जा

रहा हूँ, जो एक बात और वह यह है कि मैं गाधी सेवा सघ का आनरेरी सदस्य उसी प्रकार होना चाहता हूँ जिस प्रकार ओमजी तथा देश पाण्डेजी हुए है ताकि मैं भी सघ की प्रगति के ससर्ग मे रह सकू, इसमे आप को भी कार्यवाही करनी होगी, शेष कुशल है। गर्ग जी से वन्दे।

भवदीय
त्रिलोकचन्द

(5)

करौली
ता० 23-8-38

भाई श्री गोकुलजी

सस्नेह वन्दे, परसों दिल्ली मे व्यासजी से मालूम हुआ कि हम लोग जो बातचीत कर रहे थे, उसका रास्ता रुक गया है, क्योंकि हम लोगों मे कुछ मूलभूत बातो मे ही मतभेद पड गया है, जिससे हम कोई व्यवहारिक मार्ग नहीं निकाल सके, हम लोगो को इसका अफसोस तो है ही हम अच्छे दिना की प्रतीक्षा मे हैं, हमने इस आशय का एक वक्तव्य भी प्रेस में दिया है।

इस बातचीत के खत्म हो जाने के बाद अब हमारे लिए यह लाजिमी हो जाता है कि जो कार्यवाही स्थगित की गई थी वह जारी करदी जाए इसके बारे मे मैंने आज आपको यह तार दिया है।

Proceed with Pending Papers my self reaching monday.

आशा है इसके अनुसार आपने बाबाजी का मामला तो कार्य समिति को भेज दिया होगा ही और दूसरे व्यक्तियो से जवाब तलब करने की कार्यवाही कर दी होगी।

मैंने भाई व्यासजी से यह भी कह दिया है कि अब सारा मामला कार्य-समिति के सुपुर्द करने के सिवा मुझे दूसरा रास्ता दिखाई नही देता, वे भी मेरी स्थिति को समझ रहे हैं और इस विषय मे हमारे बीच कोई गलत फहमी भी नही है।

इससे पहले जो चिट्ठी कार्यकारणी को हमारे दफ्तर से गई है उसके सिलसिले मे अब आप दूसरी चिट्ठी भेज दीजिए, जो कुछ जरूरी कागजात और होवे, वे भी भेज दीजिए और लिखिए कि वे किसी को भेजकर यहाँ की स्थिति

ठीक करने का प्रयत्न करें, जो पत्र आप मन्त्री जी को लिखें उसकी एक प्रति सभापति, सुभाषबाबू को भी सीधी भेज दीजिये। मैं भी उन्हें एक पत्र सीधा भेज रहा हूँ। पहले मन्त्री जी को जो पत्र गया है उसकी भी नकल सुभाषबाबू को भेज दीजिये।

मैं कल यहां हूं, परसों कोटा जाऊंगा देशपाण्डेजी और दत्तजी भी साथ है। 28 ता० को गोविन्दगढ़ में कार्यकर्त्ताओं की एक मीटिंग हैं जिसमें मुझे जाना है 29 को सुबह या शाम को मैं अजमेर पहुँचने की आशा रखता हूं। ता० 27 को मैं जयपुर रहूंगा। जरूरी डाक वहां भिजवा दीजिए।

स्नेहाधीन
हरिभाउ

(6)

करौली राज्य सेवक संघ, करौली (राजपूताना)

ता० 28-9-38

प्रिय उपाध्यायजी

सादर वन्दे, आपका कृपा पत्र यथाशीघ्र मिल गया था। मेरा पत्र शायद आपको हटूण्डी से redirect होकर मिला होगा, उसमें मैंने सब हाल लिख दिया है, इस साल पहला मौका है। इसलिए हमने शहर ही शहर में से एवं अधिकांश अपने ही परिवार के लोग कांग्रेस के सदस्य बनाये हैं, 1000 की संख्या हम इस साल पूरी कर लेंगे। धीरे-धीरे हम अपना संगठन मजबूत बनाते जा रहे हैं एवं बल बढ़ाते जा रहे हैं। हमारी नीति कांग्रेस को ही इस राज्य में व्यापक बना देने की रहेगी। यहाँ के पुलिस के उच्चाधिकारियों को यह ज्ञात हैं कि हम कांग्रेस का काम कर रहे हैं, सदस्य बना रहे हैं। इस वर्ष गांधी जयन्ती भी हम लोगों ने भली प्रकार से मनाई है।

राजस्थान संघ के नियम जब छप जायें तब एक प्रति आप भिजवादें, हम लोग उन पर अपने संघ की मीटिंग में विचार करके आपको सूचना दे देंगे 'नव ज्योति' की एजेन्सी हमने अपने यहाँ से बन्द करदी है, अब कोई दूसरा पत्र जिसके द्वारा हम अपने कार्य का प्रचार करते रह सकें जारी करना चाहते हैं, कृपया आप अपनी राय लिखिए।

प्रान्त में कार्य कैसा हो रहा है, दूसरे लोग क्या कर रहे हैं, इस सम्बन्ध में भी प्रकाश डालने की कृपा करें।

श्री हरिश्चन्द्रजी अभी यहां आकर वापिस चले गये हैं, उनका एक थैला यहा रह गया बतलाते हैं उसे किसी आदमी के हाथ भेज दिया जावेगा, इस पत्र के साथ एक पत्र श्री माणिक लालजी को लिखा है उसे आप भी पढलें और उनके पास भिजवादें।

पत्रोतर देते रहें, यहां के योग्य सेवा लिखें

भवदीय
त्रिलोकचन्द

(7)

करौली राज्य सेवक संघ, करौली (राजपूताना)

प्रिय उपाध्यायजी ता० 16-10-38

सस्नेह वन्दे, आपका 9-10-38 का पत्र मिला समाचार ज्ञात हुए, हम लोगों ने इस वर्ष के लिए केवल नगर मे ही कांग्रेस सदस्य बनाना स्थिर किया है। राज्य हमारे सम्बन्ध मे अधिक शका करने लगे ऐसा हम करना नही चाहते। इसलिए ग्रामों मे नही गये हैं। ग्रामों मे जाने पर पुलिस झूठी रिपोर्ट देकर राज्य कर्मचारियो को भयभीत कर देती, इतनी ही गनीमत समझी है कि राज्य कर्मचारी इसको बर्दास्त करने लगे है कि हम शहर मे कांग्रेस सदस्य बना रहे हैं। इस वर्ष हम चुपचाप काम करके अगली साल आप कहेगे उतने ही सदस्य बना देगे, यह वर्ष हमारी तैयारी का वर्ष है।

आप पालीवालजी को लिखदें वे कुछ कापियां नमूने के तौर पर 'सैनिक' की मानसिहजी न्यूज पेपर एजेण्ट के पते पर भेज दें, 'सैनिक' में करौली के सम्वाद भी छपते रहे इसकी व्यवस्था भी कर दें।

प्रान्त की प्रगति से सूचित करते रहें, राजस्थान सघ का अधिवेशन होने वाला था उसका क्या हुआ ?

मुझे शान्ती की शादी की विशेष चिन्ता है इस सम्बन्ध मे आपको प्रयत्न करना होगा, जैसा आप उचित समझें उत्तर देने की कृपा करें।

भवदीय
त्रिलोकचन्द

(8)

त्रिलोकचन्द माथुर
सपोटरा, करौली
ता० 4-1-39

प्रिय उपाध्यायजी,

सस्नेह वन्दे एक पत्र आपको पहले लिख चुका हूँ यह मैं टूर में से लिख रहा हूँ। करौली के कार्य के सम्बन्ध में आप से कई बातों में परामर्श लेना है। करौली राज्य के किसानों को उठाने का काम हमने यहां आरम्भ कर दिया है और दो महीने के लगातार कार्य के द्वारा हम यहां के किसानों को शीघ्र खड़ा कर देना चाहते है, यहां के लोग इतने दुःखी हैं कि हमें उन्हें तुरन्त खड़े हो जाने की आशा है। 10 जनवरी को यहां के नये दीवान ने हमें मिलने का टाइम दिया है। उससे मिलने के बाद हमें यहां के राज्य के रुख का अन्दाजा लग जायगा, यद्यपि हमारा यह तैयारी का काल है। परन्तु बहुत मुमकिन है कि बीच में ही हमारी भिड़न्त हो जाय, इस परिस्थिति के लिए भी हम तैयार हैं, किन्तु यह सब कुछ होने पर भी मेरा इस सम्बन्ध में ऐसा विचार है कि मैं आपके साथ एक बार सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं महात्मा जी से मिलकर हमारे राज्य की सारी परिस्थिति उन्हें समझादूं और हो सके तो जमनालाल जी से भी मिल लूं। मैं महात्मा जी की सलाह और आशीर्वाद लेकर यह कार्य करना चाहता हूं। फिर सत्याग्रह की सारी technique भी समझ लेना चाहता हूँ आप इस समय काफी व्यस्त होंगे, किन्तु क्या मैं इस बात की आशा करूं कि अवकाश मिलने पर आप मुझे इस कार्य के लिए समय दे सकेंगे ? शीघ्र उत्तर देने की कृपा करें।

मेरे पास नृसिंह दास जी का खत आया था, वे यह चाहते हैं कि यहां के प्रतिनिधि चुनाव के झगड़े में न पड़ कर निस्पक्ष रहें, मैंने उनको यह लिख दिया है कि हमारे यहां के लोग सब गांधीवादी है, वे चुनाव के समय क्या रुख लेंगे यह कुछ नहीं कह सकता, हां यदि आप लोगों में कोई समझौता नहीं हुआ तो मैं शायद neutral रहूँ। यह मैंने इसलिए किया कि मेरी तो सारी शक्ति यहां के आन्दोलन में लग जायगी और बहुत सम्भव हो कि मैं शीघ्र जेल भी चला जाऊं ऐसी सूरत में मैं नीति के तौर पर यह उचित समझता हूँ कि जरूरत पड़ने पर मैं तो निस्पक्ष रहूं, किन्तु हमारे यहां की तीन बोट आपको मिल जायें, यह मैं केवल इसलिए करना चाहता हूं कि उन लोगों की तरफ से हमारे कार्य में

कोई बाधा उपस्थित न की जाय, यह बात कोई आखरी नही है। इस सम्बन्ध मे आपकी राय लेने पर ही निश्चय होगा।

भवदीय
त्रिलोकचन्द

(9)

त्रिलोकचन्द माथुर
करौली (राजपूताना)
28-4-39

प्रिय उपाध्याय जी,

सस्नेह वन्दे, जब से रेल मे हम और आप भरतपुर तक साथ-साथ आये थे, उसके बाद आपसे न तो मिलने का ही अवसर पड़ा और न कोई पत्र ही इस बीच मे लिख सका, बीच मे एक बार मैं देशपाण्डे जी से तथा आपसे मिलने आगरे गया था किन्तु आप दोनो मे से कोई भी नही मिला, यह तो आपको ज्ञात ही होगा इस वर्ष यहा से चार डेलीगेट पुरी गये थे, बाबाजी, नारायणसिंह जी आदि ने ज्ञान सिंह की मारफत हमारे चुनाव के खिलाफ एक फर्जी दरख्वास्त दिलाकर हमे त्रिपुरी पहुँच जाने पर यह सूचना दी कि कार्यकारिणी ने आपका चुनाव अनियमित करार दिया है। आप लोग त्रिपुरी सेशन मे भाग नही ले सकते। हमारे साथ-साथ गोकुलजी असावा तथा एक दो अन्य लोगो को भी इसी तरह के झगड़े लगा कर उन्हे deligation से खारिज करा दिया। गाधीवादियो की एक-एक वोट उन्होंने गिनकर खारिज करदी, बहुमत उनका था। उधर working committee के सब सदस्य स्तीफा देकर बैठे थे। A.I.C.C. मे भी मामला ले जाने मे हमे न्यायप्राप्ति की उम्मीद नही थी। मै सरदार पटेल से मिला था, उन्हे ने यही कहा कि A.I.C.C. मे अर्जी तो देनी चाहिये अभी तो हम लोगो के हाथ मे भी कुछ नहीं है, उस समय हमने कोई अर्जी नहीं दी किन्तु अब अपनी complain A.I.C.C. मे भेजी है। उस पर A.I.C.C. के मन्त्री से कैफियत मागी है हमारे पास भी जवाब आ गया है देखें क्या होता है। आप अपने विचार लिखने की कृपा करें।

कांग्रेस से लौटने के बाद हमने यहां राजनैतिक कार्य करने के लिए प्रजामण्डल बना लिया है। गत राष्ट्रीय सप्ताह प्रजामण्डल की ओर से ही मनाया गया था, प्रभात फेरी निकाली गई, प्रजामण्डल के गायन तथा अन्य राष्ट्रीय गायन

गाते हुए शहर की गली-गली में सात रोज तक चक्कर लगाये, चार पांच रोज तक हरिजन समिति की ओर से, खादी की ओर से, कांग्रेस कमेटी की ओर से तथा प्रजामण्डल की ओर से मीटिंग की। प्रजामण्डल की मीटिंग में कुछ प्रस्ताव पास किये जिनकी एक प्रति इस पत्र के साथ भेजी जा रही है, कौमी नारे लगाये गये, सदस्य बनने के लिए अपील बांटी गई। यहां के मौजूदा रिवाज के मुताविक हमारे ये सारे काम गैर कानूनी थे लेकिन राज्य ने अभी कोई step हमारे खिलाफ नहीं लिया है हां जो सरकारी मुलाजिम जो दो चार पांच हमारी मीटिंग में शरीक हुये उनके खिलाफ action लिए जा रहे हैं और राज्य ने एक सक्यूलर इस मजबून का निकाला है। कोई सरकारी मुलाजिम माफीदार या अन्य कोई भी व्यक्ति जो राज्य से कुछ मुफाम उठाता हो राजनैतिक हलचलों में भाग न ले वरन् सख्त तहारूक किया जायगा। इस प्रकार प्रजामण्डल की प्रगति को रोकने की चेष्टा चल रही है। जयपुर का अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ। जयपुर के आन्दोलन का यदि अच्छा नतीजा निकल आता तो अन्य राज्यों पर उसका अच्छा असर होता, अब जयपुर के मामले में क्या हो रहा है लिखें, आप क्या कर रहे हैं, आगे का क्या निश्चय है, उत्तर देने की कृपा करें।

भवदीय

त्रिलोकचन्द

(P S.) प्रजामण्डल के लिए हमें आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। इस सम्बन्ध में मैंने देशपाण्डेजी को भी लिखा है। आप हमारी मदद करा सकते हैं, ऐसी हमें आशा है।

(Encloser with the letter)

करौली राज्य प्रजामण्डल द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव

(1) करौली राज्य निवासियों की यह सभा प्रस्ताव करती है कि करौली राज्य में शासन सुधार करने के लिए पांच आदमियों का एक कमीशन नियत किया जाय जैसाकि कई अन्य राज्यों में किया गया है। इस कमीशन के तीन सदस्य प्रजा द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि हों तथा दो सदस्य सरकारी हों जिन्हें अपनी रिपोर्ट तैयार करने की सब सुविधायें प्राप्त हों।

(2) यह सभा प्रस्ताव करती है कि करौली राज्य के किसानों को नीचे लिखी हुई सुविधायें तुरन्त दी जायें।

(अ) हजूर तहसील के किसानो की फसलो को सुअरो के कारण नुकसान हुआ करता है, जिसकी वजह से वे बरबाद हुए जा रहे हैं। इसलिए यह सभा महाराजा साहब से प्रार्थना करती है कि वह अन्य तहसीलो की भांति इस तहसील से भी सूअर मारने की पाबन्दी उठाने की कृपा करें।

(ब) करौली राज्य मे बहुत स्थानो पर कुओ का पानी बिल्कुल सूख गया है, किन्तु किसानो से चाही जमीन का लगान वसूल किया जा रहा है, अतएव यह सभा प्रस्ताव करती है कि जब किसानों ने अवपाशी की ही नही है, तब उनसे चाही जमीन का लगान लेना मुनासिब नही है, इसलिए महाराजासाहब से प्रार्थना है कि वह ऐसी सूरत मे किसानो को मुजराई देने की उदारता दिखलायें।

(स) करौली राज्य में किसानो से बंजर खेती का लगान वसूल किया जाता है, एव किसान। के लावारिश मर जाने पर उनकी आराजी जबरदस्ती उनके रिश्तेदारो के खेता मे बाध दी जाती है जो सर्वथा अनुचित है इसलिए यह सभा महा-राजा साहब से प्रार्थना करती है कि यह प्रथा एकदम उठा दी जाए।

(द) करौली राज्य मे किसानो को अपनी जमीनो पर मौरूसी हक प्राप्त नही है, इसलिए उन्हें अपनी जमीनो पर उसी प्रकार की सब सुविधायें दी जायें जैसी कि सयुक्त प्रान्त की कांग्रेस गवर्नमेण्ट ने अपने हाल मे पास किये गये टैनेसीएक्ट द्वारा दी हैं।

(य) किसानो को कम सूद पर कर्जा प्राप्त करने के लिए यह सभा आवश्यक समझती है कि उनकी उन्नति के लिए सहयोग समितियो (Co operative Societies) कायम की जायें।

(3) यह सभा प्रस्ताव करती है कि करौली राज्य द्वारा ली जाने वाली महाजनों, कण्डेरो, दर्जियो, नाईयो, तेलियो, कुम्हारो, कोलियो, गाढ़ियो, कसाईयों, खरादियो आदि जातियो से एव

किसानों से ली जाने वाली सब प्रकार की बेगारें बन्द कर देनी चाहिए।

(4) करौली राज्य के चमार बेगार की प्रथा से बिलकुल बरबाद हो रहे हैं, एवं इस सम्बन्ध में लोग बहुत दिनों से फरियाद कर रहे हैं, किन्तु उनके साथ अभी तक पूरा-पूरा न्याय नहीं हुआ है। ता० 28-7-39 को महकमा खास के हुकम द्वारा चमारों को जो रियायतें दी गई हैं, वे बिलकुल ना काफी हैं, इसलिए यह सभा महाराजा साहब से प्रार्थना करती है कि मनुष्यत्व (इन्सानियत) का लिहाज करके उदारतापूर्वक चमारों से ली जाने वाली सब प्रकार की बेगार शीघ्र से शीघ्र बन्द किये जाने की आज्ञा प्रदान करें।

(5) म्यूनिस्पल कमेटी शहर करौली की मियाद आगामी अगस्त मास में समाप्त होने वाली है। इस म्यूनिस्पल कमेटी का प्रबन्ध अब तक नामजदगी की प्रथा पर चल रहा है। इसलिये करौली राज्य निवासियों की यह सभा प्रस्ताव करती है कि नामजदगी की प्रथा शीघ्र बन्द करके उसके स्थान पर निर्वाचन प्रणाली शीघ्र जारी करदी जाय और कमेटी का चेयरमैन निर्वाचित सदस्यों में से उनके द्वारा ही चुना हुआ हो।

(6) इस राज्य में स्थानीय शासन प्रणाली (Local self govt.) के ढंग पर कोई डिस्ट्रिक्ट बोर्ड नहीं है, इसलिए यह सभा प्रस्ताव करती है कि यहां की देहातों की उन्नति के लिए तहसीली हलकों को शीघ्र म्युनिस्पल अधिकार दे दिये जाये तथा एक डिस्ट्रिक्ट बोर्ड भी कायम कर दिया जाये।

(फाइन आर्ट प्रिंटिंग काटेज-दौलतमारकीट आगरा)

(10)

त्रिलोकचन्द
करौली (राजपूताना)
ता० 26-6-39

प्रिय उपाध्याय जी,

सस्नेह वन्दे, कृपापत्र मिला, धन्यवाद आप 7-8 जौलाई को अजमेर

लौट रहे हैं, हम बहुत चाहते थे कि आपकी वापसी मे एक दो रोज आपको इधर ठहरा लेते, किन्तु सयोग से मुझे 1 जुलाई को बम्बई अहमदाबाद वगैरह की ओर जाना पड रहा है इन दिनो खादी का स्टाक बढ जाने से काम मे बडी ढिलाई आ गई है, इसलिये हमे दु ख है कि मेरे उपस्थित न रहने के कारण आपके इधर आने का हम लोग उचित उपयोग न कर सकेंगे। श्री राधाकिशनजी तथा जानकी देवी जी 23 जून को हिण्डोन आये थे। मै उनसे मिलने गया था और इधर आने का आग्रह किया था किन्तु उनका प्रोग्राम पहले से ही निश्चित था इसलिए इधर न आ सके, अब शीघ्र ही राधाकिशन जी के इधर आने की सम्भावना नही है, अतएव सब मित्रो की राय है कि आपको किसी अन्य अवसर पर बुलाया जाय और देशपाण्डेजी आदि को पहले ही सूचना देकर उस समय आने को राजी कर लिया जाये।

हम लोगो का अजमेर जाने का विचार नहीं था किन्तु अजमेर से ओकारलालजी यहा आये और उन्होने आग्रह किया कि हम लोगो को जाना अवश्य चाहिये, फिर जैसी परिस्थिति हो वैसा रुख अखत्यार करने मे हम स्वतन्त्र है, आपको यह मालूम ही है कि नारायनसिंह जी से बहुत दिनो से मतभेद चल रहा था, इसलिये यह सोचा गया कि वहा एक बार चलना अवश्य चाहिये। यह सोच कर हम लोग वहा गये भी थे, मीटिंग से पहले गोकुलजी तथा बालकृष्णजी मिले थे। उन्होने ऐसी इच्छा जाहिर की कि हमे या तो आना न था या neutral रहना चाहिये। मीटिंग का दृश्य देख कर हम लोगो के मन पर बहुत बुरी छाप पडी। इन्दौर के दो प्रतिनिधियो के प्रश्न को लेकर दोनो मे काफी तनातनी हो गई। कामरेडो की ओर से एक दो आदमी लाठी एव छुरी बाध कर आये थे। इसी प्रश्न पर वे लोग walk out कर गये, उनके चले जाने के बाद गौरीशकर जी के तरफदार लोग ही मीटिंग मे रह गये। उन लोगो ने मुझ पर काफी दबाव डाला कि मैं कार्यकारिणी मे आ जाऊ तथा उनकी पार्टी का साथ दू क्योकि वे लोग सब अपने को गाधीवादी कहते थे, मैंने उनसे साफ कह दिया कि अगर आप लोगो को गाधीवादी होने का गर्व है तो आप पहले महात्माजी के विश्वास भाजन बनें तब हम लोग आपके साथ सहयोग कर सकते हैं। ज्वालाप्रसाद जी मुकर्जी आदि हमे मिले उनसे भी हमने यही कहा और हम लोग लौट आये। आपके न होने से हम लोग कभी कभी बडे असमजस मे पड जाते हैं। उधर प्रान्त की हालत देख कर दु:ख होता है और इधर अपनी कोई पार्टी न होने की वजह से काम करने मे पूरी दिक्कत महसूस होती है। अब आप कोई तरीका सोचिये

और अपनी पार्टी को संगठित कीजिये और हम लोगों को भी साथ लीजियें। योग्य सेवा से सूचित कीजिये ।

भवदीय
त्रिलोकचन्द

(11)

त्रिलोकचन्द माथुर
ता० 16-11-39

प्रिय शंकरलालजी,

सप्रेम वन्दे, पत्र करौली मिला। शान्ती के लिये अभी कोई तजवीज नहीं हुई है। आप लोगों ने क्या सोचा, मैं 14 तारीख से मथुरा आ गया हूं। यू. पी. राजनैतिक सम्मेलन के अवसर पर यहां पूर्वी राजपूताने के राज्यों की एक कान्फ्रेंस हो रही है। मुझे संयोजक वनाया है। यह कान्फ्रेंस 30 नवम्वर को होगी तव तक मैं यहीं रहूंगा। हो सका तो एक दो रोज को वीच में भरतपुर आऊंगा तव शान्ती के वारे में वातचीत करेंगे। शामा भी मथुरा आई हुई है शेष वच्चे सव करौली में है।

भवदीय
त्रिलोकचन्द माथुर करौली वाले
पुराना वरफखाना,
मथुरा

(12)

त्रिलोकचंन्द माथुर
करौली (राजपूताना
ता० 19-11-39

प्रिय उपाध्याय जी,

सस्नेह वन्दे, यू. पी. राजनैतिक सम्मेलन के अवसर पर राजपूताने के कतिपय कार्यकर्ताओं ने इस अवसर से लाभ उठानेके लिये राजपूताने के राष्ट्रीय कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन करना निश्चित किया है। देश की जैसी हालत है उसको देखते हुए राजपूताने के राज्यों की प्रजा के संगठन तथा उसकी सभी समस्याओं पर विचार कर लेना वहुत जरूरी है यह विचार गम्भीरतापूर्वक होना चाहिये, और

एक workable plan बनाकर आगे बढने की जरूरत है। हम लोगो ने इस अवसर पर सभी विचार के कार्यकर्ताओ को निमनत्रण दिया है। राजपूताने के सभी महारथी नेताओ को परामर्श के लिये बुलाया है। ऐसे अवसर पर आपका सम्मेलन मे शरीक होना नितान्त आवश्यक है आप खुद पधारें तथा शास्त्रीजी से भी आग्रह करें कि वे भी अपने सभी साथी कार्यकर्ताओ के साथ सम्मेलन मे पधारने की कृपा करें, कृपया आप यह भी लिखें कि हम राजस्थान के किन किन कार्यकर्ताओ को खास तौर से पत्र लिख कर बुलावें उनके नाम तथा पते भी लिखें।

सम्मेलन मे आने वाले कार्यकर्ताओं के ठहरने एव भोजनादि की व्यवस्था प्रबन्ध समिति की ओर से की जावेगी।

ऐसे अवसर पर उपेक्षा वृत्ति के कारण अवाछनीय लोगो को अवसर मिल जाता है। इसलिये आपसे प्रार्थना है कि अगर कोई बहुत बडा कारण आपके मार्ग मे बाधक नही हो तो आप अवश्य पधारें और Full force मे आवें, उत्तर लौटती डाक से देने की कृपा करें, समय बहुत कम रह गया है।

भवदीय
त्रिलोकचन्द माथुर
रेवतीशरण
C/o भरतपुर राज्य प्रजामण्डल

(13)

Trilok Chand Mathur
B. A. (National)
Karauli (Rajputana)
No ....

त्रिलोकचन्द माथुर
बी. ए (राष्ट्रीय)
करौली (राजपूताना)

ता० 13-7-40

प्रिय उपाध्याय जी,

सप्रेम वन्दे, कुछ दिन पहले आपको एक पत्र लिखा था किन्तु उसका कोई उत्तर नही मिला, मुझे बडा दुख है कि प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी मे एक जुम्मेवार पद लेकर मै कोई सेवा नही कर पाया, दिन पर दिन परिस्थिति बिगडती जा रही है। यह समझ कर मेरे पद ग्रहण करने से पार्टी को लाभ होगा, आप सज्जनों की राय से ऐसा किया था, उस समय मुझे आशा थी कि मैं अपने स्थानीय कार्य से समय निकालकर कुछ सेवा कर सकूंगा, परन्तु परिस्थिति वश आज मैं पार्टी की

कुछ भी सेवा करने में मजबूर हूँ इसके लिए मुझे बहुत खेद तथा लज्जा मालुम होती है।

यहां के सारे कार्य का आधार हमारा खादी का काम है, किन्तु युद्ध के कारण खादी का काम एकदम बन्द ही सा है। अप्रेल, मई में हमारे पास कोई आर्डर नहीं है पिछले माह में मैं बम्बई, अहमदाबाद, सूरत आदि स्थानों में गया था। तमाम भण्डारों में स्टाक भरे पड़े हैं। बहुत कोशिश करने पर भी कोई आर्डर नहीं मिल सका। हमारे यहां काफी स्टाक हो गया है, जून से लोगों को वेतन देना बन्द कर दिया है। लागत तथा अन्य आवश्कीय खर्चे का निकलना मुश्किल हो रहा है। हमारी संस्था में सारा रुपया हमारी जुम्मेवारी पर दूसरे लोगों का लगा हुआ है। निज की कोई पूंजी नहीं है। काम घाटे से चला तो लोगों का रुपया देना मुश्किल हो जायगा। यह स्थिति कब तक रहेगी, इसका कुछ तयः नहीं है, ऐसी सूरत में हमारी लगभग सभी संस्था बड़े आर्थिक संकट में है। थोड़े दिन यही हालत रही तो बन्द कर देनी पड़ेगी। यहां की परिस्थिति के अनुसार सार्वजनिक कामों में कोई पैसा नहीं मिल सकता, गरीबी तथा शिक्षा की कमी दोनों ही इसके कारण हैं।

दूसरी बात यह है कि तीन चार मास से मेरा स्वास्थ्य बिल्कुल गिरता जा रहा है। मेरे बोलने की शक्ति जाती रही है, मैं भाषण देने के सर्वथा अयोग्य हूँ, जोर से बोला नहीं जाता, अगर कहने की कोशिश करता हूँ तो गिन गिनाने लग जाता हूँ, आवाज बैठ जाती है गले में हमेशा खुश्की रहती है, इन परिस्थितियों में एक राष्ट्रीय संस्था के जुम्मेवार पद पर रहकर उसकी कुछ भी सेवा करने में समर्थ नहीं हूँ। ऐसी सूरत में यदि पार्टी के हित को कोई हानि नहीं हो तो और कोई दूसरी व्यवस्था करके मेरा स्तीफा मन्जूर कर लेना अच्छा होगा।

अगर आप एवं अन्य मित्र लोग केवल मेरे नाम का ही उपयोग कर सकें तो दूसरी बात है। आप सोचकर एवं परामर्श करके उत्तर लिखें। जब मैं काम करने के योग्य ही नहीं हूँ, उस सूरत में तो मुझे इस गुरुतर भार से मुक्त करना ही अच्छा होगा।

अपनी राय स्पष्ट लिखें।

भवदीय
तिलोकचन्द

(14)

करौली राज्य प्रजामण्डल, करौली (राजपूताना)

करौली ता० 15-7-46

पूज्य दा साहब,

सादर प्रणाम, हटूडी से ता० बिना दस्तखतो का पत्र गाव के दौरे से लौटने पर कल मिला, ठीक है, प्रजा मण्डल के खर्च की व्यवस्था कुछ स्थानीय और कुछ बाहरी मित्रो से करली जायगी, मेरे खर्च के बारे म आपने पूछा है। हम पाच आदमी हैं छोटा बच्चा 6 वर्ष और बडा 14 का है बडा मुकुन्दगढ पढता है। खर्च का हिसाब 70) मासिक से कम नही बैठना चरखा सघ पिछली फरवरी मे छोडा है, वहा करीब 80) मिलते थे, मकान, रोशनी, पानी की सुविधा अलग थी उतने म काम अच्छी तरह चलता था, लेकिन अब कुछ कम अच्छी तरह सही 70) की व्यवस्था होने पर काम चलेगा। 221956

यहा के खादी कार्य के बारे मे आपको समय समय पर जानकारी मिलती रही है, चरखा सघ के जन्म के साथ यहा का काम चालू हुआ। प्रदेश के अच्छे उत्पत्ति केन्द्रो के समान यहा का काम और ख्याति थी और अब यह काम अनुपयुक्त हाथो मे होने के कारण नष्ट हो रहा है, इन लोगो ने अन सर्टीफाइड काम शुरू कर दिया है। अगर श्री जाजू जी मान जायें तो ठीक होगा कि यहा चर्खा सघ की ओर से काम चालू हो जाय दूसरा विकल्प यह है कि यहा के दूसरे जिम्मेदार कार्यकर्ताओ के हाथ मे यह काम रहे, आप यहा के काम को बचाने का प्रयत्न करें तो श्रेष्ठ होगा।

आपका

चिरन्जीलाल शर्मा

(15)

करौली राज्य प्रजामण्डल, करौली (राजपूताना)

करौली ता० 25-11-46

पूज्य दा साहब,

सादर प्रणाम् कार्य समिति की बैठक के अवसर पर आप करौली आयेंगे ऐसी आशा थी लेकिन आप नही आये।

करौली में खादी कार्य फिर से चालू करने के विषय में एक वार पहले भी मैंने आपको लिखा था, अब प्रान्तीय कार्यालय में कुछ रद्दो वदल हुआ है। और करौली में काम चालू करना या कराने की आशा फलवती हो सकती है, गोविन्दगढ़ में श्री भीमसेन जी, रामेश्वरजी से वात करली है वे प्रमाण पत्र भी दे सकते हैं, ग्राम सेवा मण्डल जैसी संस्था निर्मित करके काम प्रारम्भ करने का विचार है, मुझे तो प्रजा मण्डल के काम से विलकुल अवकाश नहीं मिल सकता अतः रामसिंह जी तथा एक दो अन्य मित्रों को इस काम में लगा देना है, 5 आदमियों का एक ट्रस्टी मण्डल वनाना है और संस्था की अपनी कुछ पूंजी भी जुटानी है, आपसे निवेदन है कि उसी मण्डल में आपका भी नाम रहे तो आपको कोई एतराज तो नहीं है, काम निहायत खूबसूरती और ढंग के साथ होगा अपको किसी प्रकार की शिकायत का कोई मौका नही मिलेगा, मैं सक्रिय काम तो नहीं कर सकूंगा मगर देख रेख रहेगी।

आप से तो कहे और विना पूछे भी हम लोग अधिकार रखते हैं कि आपका और आपके नाम का उपयोग करें

श्री ओंकारसिंह जी अपना प्राइवेट काम करते हैं मैं उनसे भी वात करना चाहता हूं यदि अपना अन सर्टीफाइड काम वन्द करके वे इस काम में सहायता दे सकते है। और नई संस्था के प्रति अपने को अर्पित कर सकते हों सो हम उनका भी स्वागत करने को तैयार है आशा हैं आपकी उचित सलाह और पथ प्रदर्शन मिलेगा।

विनीत
चिरन्जीलाल शर्मा

(16)

करौली राज्य प्रजा मण्डल, करौली (राजपूताना)

करौली ता० 8-7-47

पूज्य दा. सा.

सादर प्रणाम्, कार्ड मिला, कल ही वम्वई से और केशवदेव जी नेवटिया द्वारा भिजवाया चैक मिल गया है। वारह मास का हिसाव साफ हुआ।

खादी कार्य चालू हो गया है, श्री शास्त्री जी का तार आया था सो रामसिंह जी पांच सात दिन के लिये वनस्थली गये है, रामसिंहजी का इधर आना श्री शास्त्री जी को पसन्द नहीं रहा है लेकिन अव तो रामसिंह जी को यहीं का काम सम्भालना है गुजरात चर्खा संघ वालों को लिखा है उधर से पांच सात गांठ सूती रुई की आने पर वाकी माल तैयार होने लगेगा, अभी तो देशी रुई का

मोटा 10, 12 न० का माल तैयार होने लगा है खादी पर कस्टम माफ होने सम्बन्धी कागज स्टेट कांसिल में चल रहा है। कस्टम कमिश्नर ने अच्छी राय लिख दी है, अक्टूबर तक काम भली प्रकार चल निकलेगा। क्षेत्र तो यहा का अच्छा है ही। आपका पत्र लेकर श्री साहनलाल जी से जयपुर मिला था, उस दिन बाजार में भावों का उतार चढाव ज्यादा था कहने लगे "पाछे बात करस्या आज तो मौको कोनी।" शायद उन्हे घाटा भी लग गया। फिर मैंने दूसरे दिन भी बात नही की और मामला श्री जोशी के सुपुर्द कर दिया वे समय पर उनसे बात करेंगे, भागीरथ जी ने दो हजार के लिये लिख तो दिया है लेकिन कुटीर वालों से मिलने पर रुपया दे सकेंगे।

राज द्वारा एक सुधार कमेटी बनाने का एलान हुआ है। 11 मैम्बर नामजद किये हैं। प्रजा मण्डल की बिलकुल उपेक्षा की गई है। प्रजामण्डल के दो आदमी लिये अवश्य हैं लेकिन व्यक्तिगत हैसियत से लिये हैं प्रजामण्डल से पूछकर नही, दीवान की नीति प्रजामण्डल को अलग टाल रखने की है, दोनो सदस्यो से स्तीफा दिलवाना है और कमेटी का विरोध करना है, अभी हमें तो दिखता है कि शायद संघर्ष करना पड़े क्योंकि राजवाले हमारे खिलाफ प्रतिगामी लोगों का गुट बना रहे हैं, कमेटियों में उन्ही लोगों को ले रहे हैं। प्रजा मण्डल की उपेक्षा करते हैं।

कल्याण प्रसाद जी गुप्ता को कन्ट्रोल सम्बन्धी मामले में 1 साल की सख्त सजा व 300) जुर्माना कर दिया है, उन्होंने जेल में पहुचते ही भूख हड़ताल प्रारम्भ कर दी है आज दसवा दिन है, उनका कहना है कि मेरे मामले को बाहर कही हाईकोर्ट में भेजा जाय या इजलास खास में सुनवाई हो, दीवान कहता है कि यहा की हाईकोर्ट से फैसला हो गया आगे कही सुनवाई नही हो सकती, 500 आदमियो का डेप्यूटेशन राजा के यहा भी गया वह भी इन्कार हो गया है, मामला उलझ रहा है, काम करने वालो को फौजदारी जुर्म मे फसाने की राज की चाल है इस मामले मे भी वही बात है, राजवालो ने इरादतन फसाने बदला लेने की भावना से उसे सजा दी है, अजमेर के जगत नन्दन यहा चीफ जस्टिस हैं लोगों का इन पर विश्वास नही है, कहते हैं रिश्वत लेने वाले आदमी हैं इस मामला को सार्वजनिक रूप भी नही दिया जा सका है क्योंकि कल्याण प्रसाद जी के खिलाफ अधिकाश राज्य कर्मचारी और जनता मे भी बहुत से लोग है, दुकानदारी के मामले में बहुत से लोगो से उनके स्वार्थ उलझे हुये थे, भूख हड़ताल भी बड़े गलत ढग से की गई बिना किसी पूर्व सूचना के जेल मे पहुचते ही करदी गई और तीन दिन बाद मारे रखी गई, इस मामले मे प्रजामण्डल की

स्थिति विचित्र बन गई हैं, कल उनसे जेल में फिर मिल रहा हूँ जैसे भी हो उनकी प्राण रक्षा तो करनी ही है, कोई सम्मान जनक मार्ग निकल आये तो ठीक रहे ।

बम्बई की सहायता के सम्बन्ध में अपनी एक साल के लिये बात हुई वह साल खत्म हुआ, मैं तय नहीं कर पाया कि आखिर अपने खर्च का सवाल कैसे हल किया जाय, कोई काम शुरु करें और उसमें पूरा समय नहीं लगायें तब तक वह जम नहीं सकता, जमने पर आधा समय काम करने पर भी खर्च निकल सकता है, यहां के काम की जुम्मेवारी भी इजाजत नहीं देती कि अपने किसी काम में पूरा वक्त लगाया जाय ।

बम्बई वाली सहायता अगर कुछ समय तक और चालू रख सकें तो जारी रखवा दी जाये और आगे किस तरह विधि बैठाई जाय यह भी बताइये । यहां सरकारी के अलावा और कोई प्रेस नहीं है, मैं सोचता हूँ कुछ मित्रो से पैसे लगवाकर प्रेस का काम शुरू करवाया जाय, अभी मशीन ठीक नहीं मिल रही है महगी भी है, कुछ मित्रा से बात भी की हैं आठेक हजार रुपया लगवाया जा सकता है, यह काम अपने सार्वजनिक काम से मेल भी खाता है, आपकी क्या राय है लिखने की कृपा करें ।

विनीत
चिरन्जीलाल शर्मा

(17)

करौली राज्य प्रजामण्डल, करौली (राजपूताना)

करौली ता. 23-7-46

पूज्य दा. सा.

सादर प्रणाम आपका 19 का पत्र मिला, अब स्वास्थ्य का कैसा हाल है, आशा है पहले से कुछ सुधार हुआ होगा ।

आपने कोष के काम में कुछ समय देने के लिये कहा है, कोष के बारे में थोड़ी जानकारी दीजीयेगा, कमेटी में कितने आदमी हैं और कौन कौन हैं, अब तक क्या काम हुआ है पैसा किस सर्किल से मिलेगा, हमारे जैसे आदमी पैसा इकट्ठा कर सकेंगे क्या? क्योंकि आज कल पैसा प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है, धनिक वर्ग कांग्रेस और सार्वजनिक कार्यकर्त्ताओं से सशंकित होने लगे हैं, पहिले जैसे सुखद भविष्य की कल्पना और भावुकता का स्थान अब यथार्थता ने ले लिया है, जिससे कुछ मतलब हल होता दिखता है लोग उसी संस्था या व्यक्ति को पैसा देते हैं ।

एक दो मास का समय तो निकाला जा सकता है, काम के बारे में कुछ रुपये रखा भेजें कहां-कहां, और किन लोगों के पास जाना होगा और वहां किन 2 लोगों से मदद मिलेगी, अपने प्रान्त में और प्रान्त के बाहर भी।

श्री कल्याण प्रसाद जी का अनशन बिना किसी शर्त के समाप्त हो गया है ग्राम सेवा मण्डल का काम चल रहा है।

वर्षा सब जगह हो गई हैं, खेती बो दी गई है।

आपका

चिरन्जीलाल शर्मा

Selections from Haribhau Upadhyay Papers
2. Agrarian Movement in Madhya Pradesh

The records published below are about Agrarian Movement in Madhya Pradesh. Haribhau Upadhyay has played an important role there too. The affairs of Malwa or Central India were linked up with Rajputana leaders.

Sitamau was a small state in Malwa but the agrarian refoms which tookp'ace there are important. In 1940-41 the subjects of the State were releaved from heavy taxation. All most a halfe was abolished. The credit goes to Maharajkumar Dr. Raghuvir Sinh, who is a well known historian of our age.

The another incident is regarding Birla Mill in Nagda in the former state of Gwalior The agricultural land was forcibly acquired by the mill authorities and a very megre compensation was offered. The leaders of the kisans, though they themselve were rot agriculturists, sought the intervention from Late Shri Haribhau Upadhyay. An existence of Gwalior Rajya Kisan Sabha is also proved by these papers,

The papers preserved in original at Private Paper Collection Section of Nehru Memorial Museum and Library, New Delhi are important not only for further researches in the field of Agrarian Movements in Madhya Pradesh but also for studying economic and social history point of view.

It is proved here also that the leadership in the kisan movements was an external factor. (In my book *Agrarian Movement in Rajasthan* Delhi, 1974 I have given similar arguments). It is also a matter of the further investigations that the leadership was not of the view to be in struggle against the ruling princes of the princely states.

(1)

वन्देमातरम्

सीतामउ

29-9-40

श्रीमान् दादा साहेब, सेवा मे हम नीचे हस्ताक्षर करने वालो का सप्रेम सादर वन्दे स्वीकार हो, अपरंच हमारी यह प्रार्थना है कि आप गांधी जयंति पर मन्दसोर पधार रहे हैं इसलिए श्रीमान् से प्रार्थना है कि एक दिन के लिए आप सीतामउ पधार जायँ ताकि हम लोग भी आप के सामने गांधी जयन्ति मना सकें, आप पधारेंगे तो राजनैतिक परिस्थिति भी कुछ सुधर जायगी और हम लोग भी आपके दर्शन कर लेंगे। आशा है आप हमारी प्रार्थना पर ध्यान देकर एक दिन के लि सीतामउ जरूर पधारेंगे।

आपके दर्शन अभिलाषी

श्री सज्जनसिंह

नथरमलाल पोरवाल

बसन्तीलाल

बदरीलाल

Ratan Lal Lodawalı

सोभागमल

शंकरलाल सोनी

कन्हैयालाल कठाली,

उमाशंकर खतरी

आप जयपुर पधारें

गोवरधनलाल टोपी

नन्दलाल दलाल

गोवरधन

के एम केकट लाना

कृपाराम

गोवरधनलाल सुनार

कन्हैयालाल दर्जी

(2)

Revenue Ministers Office
Sitamau State
Sitamau C. I.

श्रीयुत् उपाध्याय जी साहब, 194..................

नमस्ते आपसे मिलकर मुझे प्रसन्नता है। आपका सहवास थोड़े समय रहा उसी में मुझे यह अवश्य जान पड़ा कि आप सहृदय; सज्जन और सत्य प्रिय हैं। जो यह एक कारण और दूसरा आप मेरे कृपा निधान डाक्टर अंबेलाला जी साहब के मित्र इन्हीं दो बातों ने मुझे यह पत्र लिखने का रास्ता सुझाया है इस पत्र द्वारा व्यर्थ आपका समय नष्ट करने की क्षमा चाहता हूं।

कतिपय ऐसे सज्जन जो महात्मागांधी की सफेद टोपी का बनावटी लोटा उठाकर सत्य और अहिंसा के महात्मा जी के प्रिय सिद्धान्तों को कलंकित और कलुषित करने का उद्योग अपने अनुचित फायदे के लिए मन्दसोर आदि स्थानों से कर रहे है, उन्होंने सीतामऊ स्टेट में और मेरे लिए व्यर्थ की बातें जाटाराम आदि स्थानों में बकी इनके विषय में मैं आपको 3 पत्रों में तीनों अलग-अलग बातों को सूक्ष्म दिगदर्शन कराना चाहता हूं मेरे लिए तीन बातें कही गई उनके विषय में इतना ही काफी समझता हू कि—

1. कृषि कारान के साथ मेरा किसी भी प्रकार का लेन देन नहीं है
2. 30 वर्षों में किसी कृषिकार से ज्यादे तो क्या एक पोस्त भी अनुचित सीरी होना अथवा कोई चीज मुफ्त लेना
3. किसी कृषि का० के साथ कभी अनुचित हुए व्यहार करना।

कोईपुरुष प्रमाणित कर दे तो मैं 100) रुपये उसके नजर करूंगा।

इन सब बातों का आप का इतिमीनान आप चाहेंगे तो डाक्टर साहब से करा दूंगा—केवल आपके ध्यान में रहने वास्ते यह लिखता हूँ। मुझे और कोई मतलब नहीं। आपने परोक्षमूल से वार्ता समय में इन बातों को जताया था। इसीलिए आप जैसे सज्जन की तबीयत पर कोई बात जमें यह मैं नहीं चाहता हूँ इसी वास्ते यह पत्र लिखा है।

दूसरे पत्र से स्टेट सम्बन्धी बातों में सार के विषय का दिग्दर्शन करूंगा।

कृपा है
आपका शुभेच्छु
लालसिंह नौलखा

(3)

Revenue Ministers Office
Sitamau State
Sitamau C. I

श्रीयुत् उपाध्याय जी साहब

नमस्ते, सीतामऊ के कृषिकारो के साथ घोर अन्याय का दूसरा विषय–

प्रथम तो रियासत से बाहर रहने वालो ने किससे यह वृतान्त पाया 1–2 गुण्डे जो अपने स्वार्थ के लिए बकवाद करते फिरते हैं वह स्वय कृषिकार नही केवल अपने स्वार्थ की सिद्ध न होने से असन्तोषी हैं न उनकी प्रजा में कोई इज्जत न शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों पर प्रभाव।

द्वितीय मालवे की अन्य रियासतो के मुकाबले मे सीतामऊ मे कौन सी विशेष बात है यह बताई नही गई कर किस स्थान पर नही,

अब मैं यह बताता हूँ 2 वर्ष मे कृषिकारो के सुधार का क्या-क्या किया गया।

1. लगान 119000 को घटाकर 96000 रखा गया।
2. 1,13,000 बकाया माफ की गई।
3. फसलो की लाग बेगार, कलाई उठाई गई।
4. मोरूसी हक खाते का कायम कर दिया गया।
5. दरखत खातो के कृषिकारो के माने गये।
6. तकावी का सूद 18 फीसदी से घटाकर 9 फीसदी सालाना किया गया।
7. कूओ की तकावी बिला सूद रख दी गई।
8. बीज कीमतन दिलाया जाकर वह मुदसवी रुपया फसल पर लिया जाता मुनाफा या सूद नही।
9. खाद (Grain) की वसूली के वक्त जो लाग (Extra grain) लिया जाता था वह बन्द किया गया।
10. वीटरनरी अस्पताल कायम किया गया।
11. (Biochemic) दवाओं का बाटब देहात मे किया गया, सात सेन्टर अब तक कायम हुए हैं वहा मुफ्त दवा दी जाती हैं। सीतामऊ ही के नही आसपास ग्वालियर के गावों के लोग भी वहा से दवा ले रहे हैं।

12. एक विलेज डिस्पैन्सरी खोली गई एक गांवों के लिए वैद्य मुकर्रर किया गया, एक कम्पाउण्डर ट्रैवलिंग कम्पाउण्डर के तौर पर नियत किया गया, सवारी स्टेट ने उसके लिए रखदी।

13. एक ग्रेजुएट ग्राम सुधार के लिए नियत किया जो इस वक्त U. P. गवरमेंट के Rural Development Department के अण्डर लखनऊ में ट्रेनिंग पा रहा है।

14. शहर सीतामऊ में जो फसल की चीज बिकने आती थी उस पर कर लगता था वह कूतिया उठा दिया गया।

15. कपास पर महरटटा आदि के वक्त के 4 रुपये माटी थे उसके बजाय 2 रुपये किये गये।

16. गन्ना बाहर ले जाने का मैंसूल था वह उठाया गया।

अब आप ही सोचिये कि एक छोटी सी स्टेट जिसकी आय अधिक नहीं इतना काम 2 वर्ष में करे, यह कम नहीं है स्टेट को चन्द लोगों व लगान आदि में काफी खमयाजा आपमें उठाना पड़ा है और खूबी यह है कि ये सब बातें अपनी खुशी से समय देख कर की गई हैं। कास्तकारों ने कभी कोई मांग सिवा कपास टैक्स के नहीं की, कपास टैक्स लिए केवल कास्तकारों की दरख्वास्त गुजरी थी। (वह भी स्टेट ने)

200 रुपये पर स्थाई कर दिया 100 इलाका 16 माइल पूर्व पश्चिम 18 माइल उत्तर, दक्षिण इतनी छोटी सी जगह में यह किया है। गांवों में 9 ब्रांच स्कूल कायम हो चुके हैं और कुछ बढ़ाने का विचार हो रहा है। मैंने जो कुछ लिखा इसकी सत्यता और असत्यता का पता कागजात से कोई भी देख सकता है। अब आप ही विचारें कि आपके अनुयायी लोग कितना झूठा प्रोपोगेन्डा करके अपनी आत्मा और महात्मा जी के सिद्धान्तों को कलंकित करते हैं।

शेष पुनः

आपका

(अपाठ्य)

(4)

Revenue Ministers Office
Sitamau State
Sitamau C I
25 फरवरी, 1941

श्रीयुत् उपाध्याय जी साहब,

नमस्ते, व सिलसिले पूर्व के पत्रों मे यह अन्तिम पत्र उसे पढ़ने का परिश्रम आपको दे रहा हू।

सीतामऊ एक छोटी सी रियासत है केवल 200 मुरब्बा माइल ऐरिया है, पूरब पश्चिम अथवा उत्तर-दक्षिए 17—18 माइल से विस्तार नही है 33000 जनसख्या है। पूरे तीन लाख की नेट आमदनी है 40 गाव खालसे और 60 गाव जागीर धर्मादा भी है।

आसपास इससे बड़ी रियासतें हैं। किसी सैन्ट्रल इण्डिया की रियासत (सिवाय नागौद) मे सीतामऊ दरबार तुल्य अब तक शासन सुधार किये है यहा क्या सुधार हुए उसकी कापी अलग भेज रहा हूँ आरम्भ ही मैं मेरे ख्याल मे शासन सुधार यहा हुए वैसे कम स्थान पर रियासतो मे हुए है, आप भी विचारें कि दो वर्ष के अन्दर यह सब कुछ हुआ है।

मेरा यह नही कहना कि यहा बहुत विशेषता हो गई अथवा कृषक और अन्य लोगा की हालत बिल्कुल सुधर गई मेरा मतलब यही है कि अल्पकाल मे यह सब कुछ हुआ है और स्थानो से अवश्य ठीक है और आरम्भ ठीक हुआ है भविष्य मे भी यदि राजा प्रजा के ऐसा ही व्यवहार चलता रहा, परस्पर भाव ठीक रहा, राज्य का ध्यान ऐसा ही रहा तो धीरे-धीरे तरक्की ही होगी राजा और प्रजा के इस समय अच्छा व्यवहार चल रहा है उनको भग करना व्यर्थ प्रजा को बहकाकर शान्ति बिगाडना यह बुद्धिमानी नही मुझे तो अब न विशेष दिन सर्विस करना है। साठ बरस की आयु हुई स्वास्थ्य भी बिगड रहा है इस हालत मे मेरा खास कोई मतलब नही।

परन्तु जो जिसकी मर्जी आये वह बकवास करे आप जैसे सज्जन उसमे भाग लें यह उचित नही...............

मन्दसौर

आदरणीय उपाध्यायजी, 25-3-1941

सादर सप्रेम वन्दे, आपका कृपा पत्र कानपुर पधारते हुये आगरा से ता० 22-3-1941 का लिखा हुआ मिला, समाचार मालुम हुये, मैंने हिन्दुस्तान में प्रकाशित आपका सीतामऊ सम्बन्धी लेख पढ़ा था, जिस दृष्टि से यह लिखा था उसके लिये मेरा भी यही अनुमान था जैसा आपने पत्र में लिखा हैं, मुझे तो उसके लिये कोइ आपत्ति न थी न हैं और न ही सीतामऊ में भी किसी मित्र या अन्य व्यक्ति ने उसके लिये कोई आपत्ति जनक सूचना मुझे दी, मैंने तो अपने मामले को ही नहीं वल्कि अपने आपको आपके जुम्मे कर रखा है। इस परिस्थिति में मेरा क्या कर्तव्य है। उसे मैं एक सेवक के नाते अच्छी तरह समझता हूँ।

ता० 17 मार्च का वम्वई का 'साधना' पत्र मैंने देखा, सीतामऊ सम्बन्धी लेख, 'एक सीतामऊ निवासी' के नाम से प्रकाशित हुआ, वह पढ़ा मुझे उसके लिये वड़ा दुःख हुआ, मैने दलाल जी को लिखा वे ता० 20 को यहां आये उनसे भी पूछा कि यह सम्वाद आपने या अन्य किसी मित्र ने सीतामऊ से भेजा है क्या ? उन्होंने इन्कार किया कि हम तो जानते भी नही, मैं उस सम्वाद की कटिंग के साथ पत्र आपको लिखने वाला था ही कि आपका पत्र मिल गया, मेरा तो अनुमान है कि सीतामऊ से तो किसी ने भी यह संवाद नहीं भेजा, हो सकता है वैद्य जी ने प्रकाशित कराया हो या और कोई हो जो सीतामऊ की परिस्थिति से परिचित हो, मैंने तो तो यह समझा है कि जिसने यह संवाद प्रकाशित कराया है उसने आपके साथ कमीनापन तो किया ही है साथ ही सीतामऊ की स्थिति सुलझाने का विरोधी व मैं हर प्रकार से कष्ट और कठिनाईयों में ही रहूं यह वह चाहता है।

आप पर उछाले गये कीचड़ के सम्बन्ध में 'हिन्दुस्तान' और 'आवाज' में लेख भेजा है आपने भी वहुत अच्छा किया कि इन्हें जवाव भेज दिये। ला. नन्दलाल ने भी महिदगर जाने को कहा था सम्भवतः वे आप से वहां मिलेंगे।

श्रीयुत तल्लमलजी जैन मिनिस्टर व श्रीयुत देश पाण्डे जी जयपुर रा. च. संघ के मन्त्री ता० 24 मार्च को यहा आये हैं, यहां रियासत की तरफ से कम्वल वनाने की योजना चालू होने वाली है। उनके ठीक यहां ठहरने का प्रोग्राम तो मालुम नही हुआ है फिर भी 5-6 दिन ठहरने का वतलाते हैं।

श्रीयुत तल्ल मल जी मोटर द्वारा ही यहां आये है और मोटर से ही वापिस जायेंगे, आपकी दया से मैं एवं चौथमल जी आदि सव प्रसन्न हैं। आपके स्वास्थ्य एवं प्रसन्नता के वारे में लिखते रहें, यहां योग्य सेवा कार्य लिखावें, आपने मार्च में इधर पधारने के लिये कहा था तो अव कव तक पधारना होगा

लिखावें। आगे मुझे इस मामले मे क्या करना है यह भी लिखने की कृपा करें, मगर निकट भविष्य म ही इधर पधारने का हो तो मिलन से सब बातचीत हो ही जावेगी, अगर कुछ देरी हो और आप उचित समझे तो सीतामऊ के अन्दर 2 साल में जिन सुधारा के लिये रेवेन्यू मिनिस्टर साहब ने लिखा है उन्हें लिख भेजने का कष्ट फरमावें।

मेरा विचार ता० 27 को मुरार जाने का है। यहां श्री वकील सा. रामनारायणजी आदि 4-5मित्र सेन्ट्रल कमेटी में पहुच रहे हैं, मगर जाना हुआ तो मैं 3 या 4 अप्रैल तक वापस यहा पहुच जाऊंगा। स्नेहभाव बनाये रखे।

आपका हितेच्छु
शकरलाल कटलाना

(6)

वन्देमातरम्

मन्दसौर
14-4-1941 ई०

आदरणीय श्री उपाध्याय जी,

सादर सप्रेम वन्दे, आपका पोस्ट कार्ड इन्दौर से ता. 6-4-41 का प्राप्त हुआ। मैं बाहर गया हुआ था इससे उत्तर में विलम्ब हुआ आशा है आप इसके लिये मुझे क्षमा करेंगे।

मैंने यहाँ से तो 26 मार्च को 'हिन्दुस्तान' और 'आवाज' को प्रतिवाद की एक 2 प्रति बुक पोस्ट से भेजी थी, कारण समझ नहीं आया, यह पत्र वहाँ क्या नहीं पहुचे, खैर मैंने पुन अपना स्पष्टीकरण 'हिन्दुस्तान, राजस्थान, स्वराज्य और आवाज' मे बन्द पत्र के साथ भेजा है।

आपका उत्तर (17 मार्च के आवाज का) 'राजस्थान' व 'आवाज' में प्रकाशित हो चुका है। ता. 9 अप्रैल के 'हिन्दुस्तान' में सीतामऊ की स्थिति पर आपका लेख देखा है।

समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों से तो इन्दौर सत्याग्रह की स्थिति विषम प्रतीत होती है।

आपका इधर पधारना कब तक होगा, लिखने की कृपा करें, श्रीमान् वाफना साहब ने जो कार्य बताया था अब वह 1 अप्रैल से बंद है। सीतामऊ की परिस्थिति भी दिन प्रतिदिन जटिल बनती जा रही है, सुना हैं पुलिस सुपरिन्टेन्डेन्ट ने इस्तीफा दे दिया है। कुछ लोगों का कहना है रियासत को उनके कार्य से संतोष न हुआ, इससे डिसमिस कर दिया, अब उनके स्थान पर रतलाम के रेवाशंकर जी ओझा की सिफारिश जोरों से चल रही है किसी पंजाबी महाशय के आने की भी सुनी है। रेवेन्यू मेम्बर सा. ने भी स्तीफा दे दिया मगर दरबार ने उसे स्वीकार नहीं किया।

श्रीमन्त नरेश तो इस समय ऋषिकेश पधारे हुये हैं। युवराज सीतामऊ ही हैं।

आपकी दया से यहाँ सब कुशल प्रसन्न हैं आपके स्वास्थ्य एवं कुशलता के समाचार लिखावें, यहाँ योग्य सेवा कार्य लिखावें।

आपका हितेच्छु
शंकरलाल कटलाना

(7)

आवाज

दिनांक 7-4-1941
पृष्ठ 10

सीतामऊ की समस्या हल करने में मैं काफी सफल हुआ हूं।

सीतामऊ निवासी अनर्गल बातें कहकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी न मारें।

श्री हरिभाऊ उपाध्याय द्वारा स्पष्टीकरण

हिन्दुस्तान में छपे मेरे एक लेख के सीतामऊ सम्बन्धी कुछ वाक्यों पर बुरी तरह बिगड़ कर एक 'सीतामऊ निवासी' के नाम से किसी महाशय ने बम्बई के 'आवाज' में मुझे बेतरह गालियां दी हैं। मेरे वाक्य जो उन्होंने उद्धृत किये हैं, वे हैं—सीतामऊ शासन सुधार की दृष्टि से वहां का राजकीय वातावरण प्रगतिशील मालूम हुआ।' (दमन की दो घटनाओं की चर्चा करते हुए आप कहते हैं) इन्हें वहां के शासन सूत्र धारों के प्रगतिशील विचारों व नीतियों के खिलाफ पेश नहीं किया जा सकता।' सीतामऊ सम्बन्धी मेरा पूरा पैरा इस प्रकार है :—

"हाल ही मे मैं सीतामऊ, बून्दी व कोटा राज्य से होकर लौटा हूँ। सीतामऊ बहुत छोटी रियासत है, फिर भी शासन सुधार की दृष्टि से वहा का राजकीय वातावरण प्रगतिशील मालूम हुआ। यद्यपि श्री शंकरलाल पटलावा को सीतामऊ से देश निकाला—दे दिया गया है, व श्री दलाल पर मुकदमा चल रहा है जो कि सीतामऊ की प्रगति के लिए वाछनीय नहीं है, तथापि इन्हे वहा के सूत्रधारो के प्रगतिशील विचारो व नीतियो के खिलाफ पेश नही किया जा सकता। व्यक्तिगत पारस्परिक विचारो व गलत फहमियो मे इनकी बुनियाद है। मुझे आशा हुई है कि ये चीजें वहां अधिक समय तक न चलेंगी।"

मैं सीतामऊ दो बार गया हूँ महाराज कुमार व राज्याधिकारियो से भी मिला हूँ, वहा के जनसेवको से भी मिला हूँ।

नेताओ से तो अक्सर ही मिलने का अवसर मिलता रहता है, तब स्थिति का व घटनाओं का अध्ययन करके वहा के शासन विधान को देखकर समझ तोल बुद्धि से जो राय मैंने बनाई, उससे किसी का मतभेद नही है तो "गाली दे बैठना इसका उपाय नहीं" हो सकता।

सीतामऊ के सार्वजनिक नेताओ के बराबर बुलाने व आग्रह करने पर मैंने उसके प्रश्न को हाथ मे ले लिया और सीतामऊ गया। अब भी इस पत्र के लेखक या उनके कोई पृष्ठ पोषक वहा समस्याओ का हल कर देते हो तो मुझे बहुत खुशी होगी व सीतामऊ के जन सेवक जनता उन्हें धन्यवाद देगी। सीतामऊ मे जन सेवकों का जितना रास्ता मैं साफ कर आया हूँ और शेष की सफाई में अब भी लगा हुआ हू, उसके बारे मे अभी अखबारों मे कुछ लिखना वहा के कार्य को बिगाडना है। मैंने सीतामऊ के शासन के सम्बन्ध में जो कुछ लिखा, वह वहा की स्थिति के सुधार की दृष्टि से लिखा था। मगर अफसोस तो यह है कि हमारे एक सीतामऊ निवासी, जिन्हें अपना नाम देने का भी साहस नहीं होता है। अपने व अपने राज्य की जनता के हित को देखने की अपने शत्रु व मित्रो को पहिचानने की भी बुद्धि या धैर्य नही रखते। मेरा 'नग्न रूप' उन्हें देखना हो, या मेरी 'असफलता' की परीक्षा करनी हो तो मेरे साथ रहने की कृपा करें। अखबार के एक दो वाक्यो से भडक कर अपने पाव कुल्हाडी मारने की गलती न करें।

हरिभाऊ उपाध्याय

(8)

नवजीवन

अजमेर
ता. 16-6-41

सीतामऊ

स्थिति असन्तोषजनक है।

यहां की स्थिति काफी दिनों से असन्तोषजनक चली आ रही है। श्री शंकरलाल जी के निर्वासन का प्रश्न ज्यों का त्यों बना हुआ है समावन्दी कानून भी नही हटा है पब्लिक पुस्तकालय पर अब भी ताले पड़े हुये है श्री नन्दलाल दलाल पर चल रहा राजनैतिक मुकदमा भी अभी नहीं उठाया गया।

क्या हमारे साहित्य प्रेमी राजकुमार रघुवीर सिंह जी के शासन काल में भी उक्त अनुदार मनोवृति से काम लिया जाता रहेगा। प्रान्त के मान्य नेता श्री हरिभाऊ उपाध्याय का भी इस ओर हम विशेष ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं।

(9)

पोस्ट कार्ड

डा० चौबे
NUTAN SAHITYA PRINTING PRESS
NAGDA B C 6 I

Gwalior State

Ref No.........   Date 20-6-1945

माननीय उपाध्याय जी,

आपका कृपा कार्ड प्राप्त हुआ। धन्यवाद ! आपका यहां पर आना अत्यन्त आवश्यक है। आप शीघ्र अति शीघ्र ही आने का प्रयत्न कर आवें, मनाना जी ने जो आपको पत्र दिया था उसमें जमीन किसानों को वापस हो गई सूचना थी, किन्तु ता. 14-6-45 को पुनः किसानों की जमीन वापस मिल को दिला दी है। यह सब गैर कानूनी कार्यवाई हुई है, स्थिति गम्भीर होती जा रही है, किसानों के खेतों में पुलिस कैम्प लगा हुआ है। आपके आने से कोई सुगम मार्ग समझौते का शायद निकल आये, इसलिए आप जल्द (दूसरी तरफ कार्ड पर) से जल्द

आवें । मुझे भी शर्म आ रही है कि आपका स्वास्थ्य ठीक न होते हुए भी आपको कष्ट दे रहा हूँ । परन्तु मजबूरन आपको कष्ट दे ही पा रहा हूं इसके लिए क्षमा प्रार्थी हू । आप अपने आने की सूचना तार द्वारा देवें ।

आने मे विलम्ब न करें । शेष कृपा बनाये रखें । सेवा से सूचित करें,

आपका बन्धु
ह० चौबे

श्री युत,
हरिभाऊ जी उपाध्याय
c/o खादी भण्डार
अजमेर
Ajmer

(पोस्ट कार्ड पर अजमेर पोस्ट आफिस की 22 June 45, 12.30 A.m. की मुहर स्पष्ट है)

(10)

(पोस्ट कार्ड)

जावरोद
20-8-45

आदरणीय दादा सा,
सादर वन्दे,

आपका पत्र मिला, मैं शाजापुर में नोमीनेशन पेपर दाखिल करने गया था, वहां से आया तब आपका पत्र मिला, यहा पर नागदा के कार्यकर्ताओ की गिरफ्तारी के बाद मिल वाले तथा उनके एजेण्ट व दलालो ने किसानो पर दबाव डलवाकर व बहकाकर राजीनामे दाखिला करवा दिये, किसी को 30) किसी को 35) तथा किसी को 40 रु० बीघा दिया और कुछ दलालो ने यह भी कहा कि बाद में और ज्यादा दूसरों को मिलेगा तो फिर तुम्हें और देंगे, लेकिन मिल वाले यह कहते है कि हमने ऐसी बात नही कही, बीच मे मिल मैनेजर श्री विलासराम (य) ने मुझसे कहा था कि अभी हम सभी काश्तकारो को 48) रु० प्रति बीघा किसानो को दे देवें और हमारे खर्चे से एक मुकदमा Test Case के तौर पर

लड़ा जाय, अदालत से उस पर जो कुछ रकम तयपाय उस हिसाब से हम बाकी रकम फिर दे देंगे, मैंने कहा मैं किसानों को इस पर राजी कर लूंगा, बाद में मनाना साहब व अन्य मित्रों से सलाह करके, इस बात पर राजी करके श्री विलासराम जी से कहा तो वे बोले अब हम वह नहीं चाहते कारण हमारे वकील साहब व पुजारी जी की राय नहीं है, अभी और पीछे जो जमीन ली गई है उसके कातस्कार डटे हुये हैं और उनके मामले चल रहे हैं, उस पर भी दबाव देना पड़ रहा है, बाकी (दूसरा पृष्ठ पोस्ट कार्ड का) के मकान भी acquire किये जा रहे हैं, फिर उन पर किसानों को रहने को मकान भी मिलना मुश्किल होगा, जो जमीन है वहां जहांबादीपुर वालों के मवेशी चरते थे, वहां चरने से मना कर दिया गया हैं, किसान परेशान हैं, अदालत में मामला उलझा है, सप्ताह के बजाय कई मास लग सकते हैं और तब तक............किसान शायद जो मिले लेने पर राजी हो जावें।

नागदा के कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी हैं, हाईकोर्ट में एक अपील की है और Transfere application भी Move की है, वहां से कुछ भी निर्णय अभी तक नहीं हुआ। 1 मास तो हो गया है, Special class मिलने को इन्होंने अनशन कर दिया था, मैंने चौथे दिन पर समाप्त करवाया, अब Special class मिल गया है, परन्तु उनमें से अधिकतर बहुत कमजोर हो गये हैं और बीमार हैं। दवाई व खाने का ठीक प्रबन्ध नहीं है। रहने का प्रबन्ध ही ठीक है, इन लोगों का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है, शेष कुशल समाचार भेजता रहूंगा।

आपका
राधेश्याम व्यास

POST CARD
ADDRESS ONLY
Gwalior
INDIA POSTAGE
श्रीमान् हरी भाऊ जी सा.
उपाध्याय को मिले
हाथी भाटा
अजमेर (राजपूताना)
Ajmer

(11)

ग्वालियर राज्य किसान सभा
(अ० भा० किसान सभा की शाखा)

पत्र संख्या 338

हैड ऑफिस उज्जैन
तारीख 22-8-1945

अध्यक्ष
बटेश्वर दयाल शर्मा
सैक्रेटरी :-
भैरव भारतीय

श्रद्धेय महोदय,

सादर वन्दे ।

आपका कृपा पत्र प्राप्त हुआ । नागदा के किसानो के मामले मे दिल-चस्पी ले रहे हैं इसके लिए मैं किसान सभा व सम्बन्धित सभी किसान आपके मशकूर हैं ।

आपने यह जानने की इच्छा की है कि 40 रु बीघा जो मुआवजा दिया जा रहा है वह क्योंकर ठीक नही है उसका संक्षिप्त उत्तर इस प्रकार है ।

कानूनन किसान इस जमीन की बाजारू कीमत पाने के हकदार हैं जमीन की बाजारू कीमत क्या है इसके लिए कानून मे खुलासा है कि पचकूत यानी पचों द्वारा निर्णय होना । अगर 40/ बीघा जो मिल की ओर से दिया जा रहा है वह ठीक है तो मिल को पचकूत कराने मे क्यो एतराज है ? फिर किसाना को डरा धमका एव पुलिस की सहायता लेकर कानूनी कार्य करना कहा तक ठीक है । बात दर असल यह है कि नागदा मे जमीन की कीमत 100) बीघा से 600) बीघा तक है । इसके प्रमाण, यदि आप चाहें तो, जमीनरहन नामे व बयनामे हुए हैं उनकी नकलें तहसील से लेकर भेजी जा सकती है । दूसरे तीन गाव 60 किसान परिवार आज से हमेशा के लिए जमीन खो रहे हैं उनकी जीविका वे खेती करके ही पूरी कर सकते हैं । आज पहले तो जमीन मिलती ही नही और अगर कही मिले भी तो 100) बीघा से 600) बीघा तक बाजारू कीमत है फिर भला गरीब किसान, बिडलाजी द्वारा दिये जाने वाले 40) बीघा से कैसे जमीन पा सकते हैं ? गिर्द जिला जो रियासत ग्वालियर के अन्दर ही है वहा पर टाटा आदि की मिल बन रही है—अभी जमीन पर मिल का कानूनी कब्जा नही हुआ फिर भी श्री सूबा सा० ने 200) की बीघा मुआवजा देना तय

किया है, जिसे महाराजा सा० ग्वालियर ने उचित ठहराया है। और हूलूल आराजी कानून में इस बात का खुलासा है कि जो जमीन मिल कारखाने आदि के लिए ली जायें वह किसानों की मर्जी एवं उन्हें सन्तोषजनक मुआवजा दिलाकर ही हासिल करना चाहिए।

उपर्युक्त कारणों से आपको ज्ञात होगा कि किसान जो 100) बीघा हासिल करना ही चाहते हैं वह उनकी मांग गलत या कि बेबुनियाद नहीं कही जा सकती। सरकारी रेट 4/बीघा है—मानलो 15 वर्ष के लिए किसानों को रेट (लगान) देना पड़े तो 60/होते हैं और पेड़ खाद, आवपाशी, उपजाऊ जमीन आदि की कीमत जोड़े तो 100) से भी ऊपर पहुँच जाती है ऐसी सूरत में जो 100) बीघा की मांग किसानों ने रखी है, हमारी ही राय में नहीं तो प्रत्येक व्यक्ति की राय में जायज करार दी जावेगी।

अब हम इस बात पर जोर देते हैं, कि एक पंच मुकर्रर किया जावे—जिसमें सभी दलों के नुमाइन्दे (किसान, किसानसभा, सार्व-सभा० सरकार मिल) हों और वे ईमानदारी से मुआवजा तय करें।

उम्मीद है मेरे इस पत्र से आपके चाही हुई जानकारी ही मिलेगी।

पत्र की प्रतिक्षा में हूं

भवदीय
H. C. Parmar
सेक्रेटरी
ग्वालियर राज्य किसानसभा

(12)

कन्हैयालाल मनाना
बी. ए. एल एल. बी.
हाई कोर्ट वकील
सराफा उज्जैन

पूज्य दा साहब,

सादर प्रणाम, सिहस्य तथा अस्वस्थता के कारण आपकी सेवा में नागदा मिल सम्बन्धी साहित्य आपकी सेवा में प्रेषित नहीं कर सका, उसके लिए क्षमा चाहता हूं अब आपकी सेवा में भेज रहा हूं।

किसान सभा द्वारा प्रकाशित पुस्तिका में प्रायः सभी जानकारी है।

अभी वर्तमान मे ता० 4-6-45 को विरला द्वारा 'वह जमीन' जिसका उल्लेख उस रिपोर्ट पृष्ठ 21 पर है मे सडक का कार्य आरम्भ हुआ था, स्थानीय किसान द्वारा इसका विरोध होकर सत्याग्रह किया गया था, उज्जैन से दो पुलिस गार्ड मय जिला इन्सपेक्टर भी भेजे गये थे स्थानीय सूवा श्री सी डब्लू पडित सिह जो देवास के हैं इन्होंने किसानों को बुलाया था व श्री भैरव भारतीय जी भी गये थे, इनके बीच मे जो समझौता हुआ वह भी भेज रहा हू 500 बीघा भूमि का मुआवजा किसानों को ता० 7-6-45 को दिया जा चुका है। इस समझौते की कुछ तामील बाकी है। सूवा सा० मिले थे, आशा है वह भी हो जायगी यह तो एक दरम्यानी बात हुई है। मूल प्रश्न बाकी है। इसमें आपकी पूरी सहायता सहानुभूति व आशीर्वाद तथा प्रयत्नो की आवश्यकता है हमारा विश्वास है कि आप इस समस्या को हल भी करा सकेंगे। आपसे प्रार्थना है समय निकालकर एक रोज के लिए आप स्वय नागदा पधार कर सब परिस्थिति तथा भूमि का अवलोकन कर लेवें तो अच्छा होगा।

(13)

कला घघेरिया बधाना
परगना नीमच, जिला मदसौर
ग्वालियर

श्रीमान प्रेसीडेन्ट साहेब प्रान्तीय काग्रेसी कमेटी राजपूताना

अजमेर,

माननीय महोदय, हम नीचे हस्ताक्षर करने वाले किसान अपनी दुःख एव कष्ट कहानी आपके सामने उपस्थित कर रहे हैं आशा है कि आप हमारे दुखो को मिटाने मे सहायक होंगे, हम सब तरफ से हताश होकर यह करुणा आपके समक्ष उपस्थित कर रहे हैं।

हम चन्द किसानों ने कुछ आर्य समाजी भाइयों से उपदेश ग्रहण करके सन् 1927 मे एक व्यायाम मण्डल कायम किया है। उसके द्वारा व्यायाम, सध्या, हवन आदि किया करते थे, उसका अच्छा सगठन होने पर हरियाली अमावस्या को एक किसानोत्सव करने लगे जिसमें कुछ गांव के किसान हर श्रावणी अमावस्या को एकत्रित हुआ करते थे।

कुछ काल पश्चात्, यहा के पटेल श्री भवानीसिह जी जो बड़े धनी पूजीपति हैं हमारे इस कृत्य से चिढ गये और कहने लगे कि तुम आर्य समाज के

अनुसार यह जो काम कर हो मैं इसको पसन्द नहीं करता तुमको साधारण किसान मूर्ख श्रेणी में रहना चाहिये, पटेल जी को बहुत समझाया गया परन्तु वे नही माने इससे वे चिढकर हमको नाना प्रकार के कष्ट देने लगे जो नीचे लिखे अनुसार है –

(1) हमारे कई उत्साही बन्धुओं पर नाना प्रकार के षड़यंत्र रचकर अदालत हाजा में केस चलाये, जिससे हमारी धन जायदाद को वर्बाद कर दिया और सजायें तक भोगनी पड़ी।

(2) हमारे संगठन को छिन्न-भिन्न कर दिया गया और लोग भय के मारे गांव छोड़ गये।

(3) थोड़े-थोड़े कर्ज में चौगुना, अठगुना हमारा माल कुर्क करवा लिया गया।

(4) हमारी बहू बेटियों के साथ बलात्कार किया गया, जिसका उदाहरण तो अभी एक ठाकुर रूपसिंह जी हैं उनकी धर्म-पत्नी का है।

(5) डरा धमका कर हमसे रुपये वसूल करना।

(6) हमारे मवेशियों को चारागह जमीन में नहीं चरने देना और यदा कदा कृषि को भी उजड़वा देना।

(7) पटेल साहब के कारनामें कई प्रतिष्ठित व्यक्ति जानते हैं।

(8) पटेल साहब के अत्याचारों से दु:खी होकर हमने परगनाधीश जिलाधीश महोदयों को भी प्रार्थनायें भेजी तथा श्रीमंत महाराजा साहब को तार तक दिया गया परन्तु इसका कोई परिणाम नहीं निकला।

इस प्रकार कई अत्याचार आये दिन पटेल जी द्वारा होते रहते है, हम कहां जावें और क्या करें, हमारी गरीबी, अशिक्षित अवस्था और भुखमरी हालत हमको पहिले ही दुर्बल बनाये हुए हैं अतः पटेल जी के कारनामों से हम बहुत तंग हैं अभी एक मुकदमा फिलहाल झूठा चला रखा है जो घास में आग लगाने बाबत है। परमात्मा जाने आग किसने लगाई और दावा किया हम लोगों पर।

Selections from Haribhau Upadhyay papers
3 political activities in Rajaputana States

The letters reproduced below are from the Private Papers Collection preserved in the Nehru Memorial Museum and Library, New Delhi The first three letters are from the Bharatpur Rajya Prajamandal and the fourth one from the Dungarpur Rajya Praja-mandal The letters selected here are to dispel the very notion of various historians and reserch scholars that Prajamandals in various princely states have been the political movements like Indian National Congress in British India territories.

The first letter very clearly shows that the leaders wanted to subdue the resolution on ultimatum but could not succeed before the majority However they diluted the same into 'a message of peace and understanding', the second clarifies the position of office bearers throwing the b ame on printing mistakes and giving exp lanation for the same, the third one assures the despatch of the progress reports of their activities indicataing about recon ciliation moves with the State authorities The fourth and very important letter of much value throws ample light on the socio economic activities being carried on by the Prajamandal in Dungar pur state The activities enamerated there are all reformative and socio economic in nature There is no hint of political activities in all the papers preserved These reformative activites even were learn t by the Palace authorities and the Prajamandal had to give them up and wait till the states were merged with larger political entities It is hoped that the historians will try to evaluate the role of the Prajamandals in the light of the private collections like these before jumping into the conclusion that they were political in nature rather than socio economic and agrarian

(1)

भरतपुर राज्य प्रजा-मण्डल

कैम्प अछनेरा, यू. पी.

दिनांक 11-4-38

आदरणीय उपाध्याय जी,

आपका ता० 27-3-38 का कृपा पत्र हमें कुछ देर से मिला कारण कि हम लोग बाहर थे, आफिस से बिना हमारे परामर्श के उत्तर नहीं दिया जा सकता था इसीलिए देर हुई तारीख 8-4-38 की मीटिंग में हमने उस पत्र को रखा। भरतपुर की वर्तमान परिस्थिति को लक्ष्य में रखकर अल्टीमेटम रोकना कार्यकारिणी ने स्वीकार नहीं किया, हालांकि हम दोनों ने काफी बल लगाया, हां, यह तय हो गया कि युद्ध काल में पूज्य बापू की आन्दोलन रोकने की आज्ञा प्राप्त हुई तो हम अवश्य रोक देंगे। एक बात यह भी है कि भरतपुर अधिकारियों की ओर से यह अफवाह जोरों से फैलाई जा रही है कि भरतपुर प्रजा-मण्डल के पास कोई भी शक्ति नहीं है। देशराज और रेवतीशरण दिल्ली में महात्मा जी से केवल इसलिए मिले हैं कि महात्मा जी का बहाना लेकर सत्यागृह करना बन्द कर दें।

यह जानकर आपको प्रसन्नता होगी कि हमने भरतपुर में रचनात्मक कार्य भी आरम्भ कर दिया है। इस समय राष्ट्रीय सप्ताह मनाया जा रहा है, खादी वेची जा रही है, सरकारी अफसरो के घर जाकर खादी वेचने का भी आज और कल का प्रोग्राम है, भरतपुर में यह पहला ही अवसर है।

कल अल्टीमेटम प्रेसिडेण्ट कौंसिल के पास दस्ती भेज दिया गया है, किन्तु उसमें अल्टीमेटम जैसी बात नहीं, उसे आवेदन पत्र ही समझना चाहिए। प्यून बुक में हमने उसका नाम 'शान्ति और सद्‌भावना का संदेश' लिखा है।

आपका निश्चित पता क्या रहेगा, यह हमें सूचित कर दें ताकि हम अपनी प्रगतियों से आपको सूचित करते रहें।

सदा आपके,

देशराज, रेवतीशरण

(2)

भरतपुर राज्य प्रजा-मण्डल

दिनाक 19-6-38

श्रद्धेय उपाध्यायजी,

सादर बन्दे

आपका तथा श्री शकर लालजी का पत्र मय सशोधन के मिला। उसकी पूर्ति करा दी गयी है। एक कापी सशोधन की भी सेवा मे प्रेषित है मैं बाहर था इस कारण कुछ विलम्ब हुआ, क्षमा करें। मुझे खेद है कि कुछ गल्तिया आपके लिखे हुए समाचारो में छप गई, असावधानी के लिए मैं ही जिम्मेदारी अपने ऊपर समझता हूँ कारण दफ्तर से मेरी अनुपस्थिति से समाचार गये वह कुछ गल्ती कापी करने मे रह गई। एक दो शब्द तो समझ मे नही आने से रह गये बताये, गल्तिया के सम्बन्ध मे जो गल्ती है वह मिस प्रिंट है तथा एक और भी गल्ती मिस प्रिंट है आगे से विशेष सावधानी स काम होगा। या फिर आपके द्वारा ही ऐसा सम्वाद भिजवाया जाया करेगा। शेष कुशल है।

भवदीय
रेवती शरण

जब वह समाचार सही नही पढा तो उसे भेजने मे मैं बडा ही नरवस हुआ, परन्तु कोई बताने वाला नही था, और समाचार रोका भी नही जा सकता था अत जहाँ तक सम्भाल सकें सभाला। लेकिन प्रेस के भूतो ने एक दो गल्तिया करके हमारी मुसीबत को और भी बढा दिया। यह मेरी सफाई है।

आपका सेवक,
शि० शर्मा

(3)

भरतपुर राज्य प्रजा-मण्डल

दिनाक 10-8-39

आदरणीय उपाध्यायजी,

सादर बन्दे

मैं लगभग 10 दिन से कार्यालय से बाहर घूम रहा था। अत आपका 3 तारीख का पत्र आज ही पढ पाया हू। और इसलिए उत्तर भी आज से पूर्व

न दे सका कृपया क्षमा कीजियेगा। आपके धौलपुर वाले समाचार तो मैंने उसी समय पहुँचा दिये थे, यहां के आन्दोलन के सम्बन्ध में अभी तक पंडित जवाहर लालजी के पास कोई समाचार सीधा भेजा नहीं जा सका, अब आपके आदेशानुसार अवश्य भेजते रहेंगे। प्रेसीडेण्ट की ओर से कुछ Move समझौते के लिए हुआ है, विस्तृत हाल आपको एक-दो रोज में लिखूंगा।

कृपया अपने अमूल्य परामर्श से हमको सर्वदा सूचित करते रहियेगा।

भवदीय
रेवतीशरण

(4)

डूंगरपुर राज्य प्रजा-मण्डल

डूंगरपुर
ता० 22 जून, 1945

पत्र संख्या :—

प्रिय महाशमजी,

सप्रेम वन्दे।

आपके भेजे परिपत्र नं० 1 व नं० 2 प्रवास से यहां आने पर आज मिले। धन्यवाद।

परिपत्र नं० 1 की कुछ विशेष जानकारी आवश्यक है अतः उसको बाद मे उत्तर देने के लिए रोक रखा है।

पिछले 10-12 वर्षों से यहां सेवा संघ डूंगरपुर द्वारा राज्य की 80% किसान जनता में पूज्य महात्मा जी का बताया हुआ 15 मुखी रचनात्मक कार्य-क्रम किया जा रहा था। सन् 1942 के मध्य तक यहां 9 केन्द्रों में शिक्षा प्रचार, समाज सुधार कृषि सुधार औषधि वितरण, कूप निर्माण, वस्त्र स्वावलम्बन आदि का कार्य चल रहा था। प्रायः 1500 छात्र और 250 कन्यायें शिक्षा प्राप्त रही थीं पर अगस्त आन्दोलन के जमाने में राज्य ने सेवा संघ के इन सब केन्द्रों को बन्द करवा दिया एवं पाठशालाओं, छात्रालयों और औषधि वितरण पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। जिससे वह सारा कार्य बन्द है हमारी पाठशालाओं के ऊंची कक्षाओं के 50 भील छात्रों को हम बेसिक स्कूल उदयपुर, राजस्थान

विद्यापीठ, उदयपुर और हरिजन उद्योग शाला दिल्ली में पढ़ा रहे हैं। इन दिनो सेवा सघ एक खादी उत्पत्ति एव बिक्री का केन्द्र और एक वाचनालय चला रहा है।

राज्य के प्रतिबन्ध के कारण कार्य सीमित ही रह गया था। अत अगस्त 44 मे सघ ने अपना विधान स्थगित करके श्री हरिदेव जोशी को उसका सारा कार्यभार सौंप दिया है।

यदि शिक्षा क्षेत्र पर लगे प्रतिबन्ध उठा दिये तो सघ शीघ्र ही अपना कार्य पूर्ववत् जारी कर देगा।

विनीत
हरिदेव जोशी

Rajputana-Madhya Bharat Sabha-Report

Many histrorical studies have taken their nucleus from freedom struggle in the various erstwhile kingdoms of Rajputana.[1] The treasure of historical importance is very vast so it is very likely that all the available material for re-casting the history of people's movement in the princely states has not been used. The material which is being presented here is among the records which have been used scarcely.

Rajputana-Madhya Bharat Sabha was founded at the occassion of Delhi session of Indian National Congress on 28 Dec 1918 with late Jamna Lal Bajaj as its *Subhapati*. Headquarters of *Sabhā* were fixed at Ajmer in the British territory in Rajputana. Its last session was held at Ahemdabad under the chairmanship of Rai Bahadur Govind Lal Pitti. Kunwar Chand Karan Sharda of Ajmer happended to be its Secretary. The report begins with thanking *Almighty* that the *Sabha* has completed its successful 5 years and entering in the 6th year (It is believed that after that nothing has been heard about the Sabha).

Objectives

It has been asserted that the main objects of *Rajputana-Madhya Bharat Sabha* were :

(i) Establishing *Seva Samitis* in the various areas of the states of Bikaner and Jaipur.

(ii) Organising various conferences of *Sabha* at the different places like, Nagpur, Delhi, Ahemdabad, just to seek the co-operation of the other Rajasthanis residing at these places.[2]

---

1. May refer to the works like K. S. Saxena, Political Awakening in Rajasthan—Delhi 1971 and Ram Pande, Agrarian movement in Rajasthan, Delhi, 1974.

2. In fact the Sabha's members were mostly from the Marwari businessmen community of these places. Though it collected huge amount in the name of public welfare in the Native States but it was not much popular with masses of Rajasthan.

(iii) Assisting the Bhils of Sirohi and other areas (Bundi etc) in their struggle against the oppression of the ruling chiefs

(iv) It has also been pronounced that the *Sabha s* one of the aims was to establish the schools for un-touchables [3]

(v) To stage an agrarian satyagraha in Bisau, Pisangan and Khetri against the high handed oppressions of local authorities, Jagirdars etc

The main contents of the report

This report of Rajputana Madhya Bharat Sabha at the end of its 5th year gives a detailed account of its achievements, or, the various activities which were conducted by it They are discussed under the various heads, important are given below —

(i) Khetri Agitation It is said that some of the volunteers of *Chirava Seva Samiti* of the Sabha established some Piaos to serve the Shekhawati people In the establishment of these piaos, the Raja of Khetri[4] smelt some sort of agitation against his authority, so some persons namely Gulab Rai Nemani, Dharm Kishore Shrivastava and Pyare Lal Gupta were arrested by Raj authorities Receiving the report of their arrest the Sabha Secretary Kunwar Chand Karan Sharda and Dalpati of Ajmer Seva Samiti Kanhaiya Lal Kalantri with some volunteers reached Chirawa and started agitation Their demand was to release the arrested persons

The agitation did not remain limited upto the limits of Khetri thikana but the Marwaris living in Calcutta also started

---

3 There s no reference about the working of this aim in report itself nor we have any other document to get the knowledge of its implementat on

4 Khetri was one of the Estates under the overall sovere ngty of Ja pur State its pos t on was of a semi independent State l ke that of Sikar The Khetr House s well known for spreading the Indian Culture out s de the country It was the Raja of Khetri who ass sted Swam Viveka nand to reach in World Religious Conference at Ch cago The Raja of Khetri belonged to the Shekhawat Branch of Kachhawah clan On Khetri one may refer Khetri ka Itihas by Jhawar Mal Sharma

agitation there fore getting the release of the arrested persons.[5]

It is asserted in the report that the Raja of Khetri was afraid of Calcutta movement and so he released the captives. On the other hand the report itself reads that the Sabha also sent an Arzdast to the Maharaja of Jaipur to intervene. On receiving of the request the Jaipur Maharaja called the Raja of Khetri and instructed him to do the needful.

2. Bhumia Agitation of Jaipur

This has been reported that Jaipur State levied some new *lags* on the Bhumias of Tanwarbati area of the State. These Bhumias who were agriculturist by profession but had a little higher status than the peasants[6] opposed it and prepared for a showdown. The state authorities forced these Bhumias to sell their cattie-greys on very nominal prices for their horses and other cattles. This infuriated the Bhumias who adopted the rebellious path. When the Sabha came to known of this unrest sent Kanhaiya Lal Kalantri to get the spot news. After reaching Shri Madhopur in Shekhawati area Kalantri reported about the happenings. Howevere, Sabha, approached Maharaja of Jaipur and affected a peaceful agreement, the various clauses of which are given in the report itself. But this movement was not a political movement, it was an act of self-defiance against the local authorities of the state.

3. Bhil Affairs of Sirohi & Bundi.

In 1921-22 the Bhils of Mewar, Dungarpur, Idar, Sirohi Bundi and Danta revolted against the disparity of taxes They demanded that the different standard of taxation should be replaced by a uniform system throughout the treck inhabited by them. Moti Lal Tejwat persuaded the Bhils to be organized and rise in rebellion against the disparities. With the efforts of Bijai Singh Pathik Bhils agreed to hold a conference and to decide the matter peacefully. Bijai Singh Pathik also persuaded Moti Lal Tejawat to lead a non-violent Bhil Movement. But, instead of adopting peaceful means the state authorities of the above states took

---

5. Calcutta Marwaris agitated because they belonged to this area and their near relatives were affected so it was quite natural for them to respond to the call of Sabha.

6. Ram Pande, Agrarian Movement in Rajasthan, Page 69.

to repressive measures This agitated Bhils very much and they became furious The state authorities set on fire so many Bhil villages [7]

The Bhil movement either of Sirohi or of Bundi was launched under the auspicies of *Rajasthan Sewa Sangh* of Bijai Singh Pathik [8] The Rajasthan Sewa Sangh s activities were banned by these states Their workers were arrested and prohibitory orders on their leaders were served The Rajputana Madhya Bharat Sabha's leaders contribution towards these movements is that they collected some sort of funds and some clothes for poor & suffering Bhils The report says that in all Rs 6,088 were collected and only Rs 1,600 were sent to Bijai Singh Pathik upto June, 1922 The another contribution of the Sabha, mentioned in the report is a trial to affect some agreement between peasents and the authorities It is also written in the report that Sirohi Dewan, Ramakant Malviya returned the help, the details of which are available in the report

4 Peasants Movement In Pisangan, Bisau and Bijolia

Ajmer was a province under Government of India till the country attained Independence Thereafter it was declared a state and remained so till 1956 when it became a part of Rajasthan State There was Istmarars enjoying judicial rights prior to abolition of Jagirdaris

The Raja of Pisangan levied a new lag. The ryot was already in the grip of *begars, lages bags* etc Chandkaran Sharda, secretary of the Rajputana Madhya Bharat Sabha, Ajmer went there to see the Pisangan Raoraja and tried for some relaxation but all in vain The Sabha then decided to strengthen the Gram Hitkarini Sabha and a movement aginst the new tax started However, the Commissioner of Ajmer interferred and an agreement was reached between the parties The tax and begar were removed as is evident from the information contained in the proceedings of the Rajputana

---

7 For details see Chapter on Bhils in Ram Pande s above cited work

8 For life story of Bijai Singh Pathik one may refer to "Bijai Singh Pathik Ki Jivni by S S Saxena and Ram Pande s work

Madhya Bharat Sabha, Ajmer as well as the private papers of Ram Narain Chaudhary, Hari Bhau Upadhyaya and Manik Lal Verma etc.[9]

Local Jagirdar of Bisau was oppressing the peasants from variovs folds. This was reported in the Newspapers by the Sabha. The Jaipur Maharaja was also requested to take action against the tyrant Jagirdar.

But, this has not been mentioned in the report that what type of ill-treatment was going on in the Bisau Thikana, and what has been its fate. Besides this, the Bijolia-Movement and Ratangarh incident of Bikaner state has also got a mention in the report, but very briefly.

Report Poses the Problems.

The study of Rajputana Madhya Bharat Sabha report poses so many problems, but most important of them is the existence of two organizations, namely Rajputana Madhva Bharat Sabha and Rajasthan Sewa Sangh. both had headquarters at Ajmer. This is an interesting study of the nature and working procedure of both these organizations. The Sabha was dominated by Late Jamna Lal Bajaj and his inmates while Sangh was an organization of Bijai Singh Pathik and his fellow workers The difference of these two personalities may seen in this report. Pathik never became a man of rulers while Sabha's relations with ruling princes are mentioned to be cordial. Besides this, Jaipur ruler and Kota Darbar also are mentioned whole hearted sympathiser of the Sabha. Though all the peasants and other movements were directed against the officials of the state and not against the rulers, but Sabha was cordial with Dewans of the States. The relationship between Kota Dewan Raghunath Chaube and Sabha is worth mentioning Sabha approached the Dewan for its annual conference at Kota. The ruler and the Dewan were almost agreed The difference of opinion remained only on the Chairmanship of the conference. The proposal cou'd not be materialized as Ragaunath Chaube died shortly afterwards. This incident leads us to take up a fresh study of Pratap Singh Barhats career at Kota.

---

9. Ram pande opcite, Page 87.

ओ3म्

जासु राजप्रिय प्रजा दुखारी ।
सो नृप अवशि नरक अधिकारी ।।

राजपूताना मध्यभारत सभा अजमेर की

रिपोर्ट

सभा का संक्षिप्त इतिहास

यह सभा 28 दिसम्बर सन् 1918 को दिल्ली कांग्रेस के अवसर पर स्थापित हुई थी। उस परम पिता परमात्मा को अनेकानेक धन्यवाद है कि सभा उत्तरोत्तर उन्नति कर रही है और पाच वर्ष समाप्त कर छठे मे पदार्पण कर रही है। परम पिता हमे बल दे कि हम अपने उद्देश्या की पूर्ति के लिए सदा अग्रसर हों। अत्याचारो, अन्यायों को हटाने को सदा तत्पर रहे। दमन की कुछ भी परवाह न करते हुए आपत्ति ग्रस्त भाइयो को ऊचा उठावें, हमारे देश को स्वतन्त्र करें। परमात्मा के अमृत पुत्रो मे से अस्पृश्यता आदि कुरीतियो को हटा कर समानता के अधिकार दिलाने का सदा प्रयत्न करते रहे।

खेतड़ी के अत्याचार

खेतडी के राव राजाजी ने चिडावा सेवा समिति के स्वय सेवक गुलाबरायजी नेमाणी, धर्म किशोरजी श्रीवास्तव व बाबू प्यारेलालजी गुप्त आदि को अकारण ही गिरफ्तार कर लिया। ये स्वय सेवक गरीब किसानो को रेतीले जगल मे प्याउएं लगाकर पानी पिलाने का प्रबन्ध करते थे। इसमे भी खेतडी राव राजाजी को राजद्रोह की गध आई और उन्होंने सेवा समिति तोडकर उत्साही स्वय सेवको को जेल मे ठूस दिया। सभा को यह समाचार ज्ञात होते ही सब समाचार पत्रो में तीव्र आन्दोलन किया गया और सभा के मन्त्री कुंवर चादकरणजी शारदा, कन्हैयालाल जी कलत्री, अजमेर सेवा समिति के दलपति रामकृष्णजी और कुछ स्वय सेवको को साथ लेकर मार्ग मे हजार कष्ट होने पर भी घटना स्थल पर पहुंचे। चिडावे वा खेतडी मे लोग भयभीत थे और इस अन्याय के प्रतिकार मे कोई उफ तक करने को तैयार नही था। सभा की ओर से तार देने पर भिन्न-भिन्न सेवा समितियों के वीर स्वय सेवक चिडावा मे एक-

त्रित हो गये और सत्याग्रह प्रारम्भ किया उनमें मुख्य पं० भीष्म देवजी शास्त्री व वन्शीधरजी सुवर्णकार थे।

राज की ओर से पूर्ण प्रयत्न किया गया कि कुंवर साहब आदि धर्मशाला में नहीं ठहरने पावें। इनके भोजन का प्रबन्ध न हो। परन्तु वहां पर तो सब सत्याग्रह मण्डली जेल जाने को उद्यत थी। इस वास्ते राजवालों की धमकी में कोई न आया और राजवालों की दाल न गली। तीसरे पहर चिड़ावे के चौक में व्याख्यान देने का सत्याग्रहियों ने निश्चय किया। राज के कोतवाल और पुलिस ने आकर जबरदस्ती दरियें उठादी और लोगों को भगाने का प्रयत्न किया। परन्तु वीर सत्याग्रही अड़े रहे और उपदेश करते रहे। दूसरे दिन चांदकरणजी स्वयं सेवकों को लेकर खेतड़ी पहुंचे और राव राजा जी से मुलाकात कर के सब मामला शांति से निवटाने का प्रयत्न किया परन्तु खेतड़ी राजाजी ने मिलने से इंकार किया। तब शारदाजी ने खेतड़ी के मजिस्ट्रेट से मुकदमे की दफे तथा बयानों की नकलें आदि मांगी। परन्तु मजिस्ट्रेट ने यह सूखा जवाब दे दिया कि उजरत देने पर भी हमारे राज्य में नकलें देने का कायदा नहीं है। जेल पर स्वयं सेवकों से मिलने भी नहीं दिया। परन्तु मंत्री जी अपनी स्वयं सेवक मंडली सहित जेल के दरवाजे पर पहुंचे और कहाकि हम से यह अन्याय नहीं देखा जाता या तो हमें गिरफ्तार करलो या स्वयं सेवकों से हमें मिला दो। इतने में ही स्वयं सेवकों को मजिस्ट्रेट ने बुलाया और मंत्री जी आदि ने स्वयं सेवक कैदियों को वीर, धीर रहने का उपदेश किया और उनके पीछे पीछे अदालत तक चले। तत्पश्चात् मजिस्ट्रेट ने गुलाब राय जी आदि को ऊपरी कमरे में एकान्त में लेजाकर बहुत डराया धमकाया और माफी मंगवाने का प्रयत्न किया परन्तु वीर स्वयं सेवकों ने माफी मांगने से इंकार कर दिया। इसी बीचमें रामगढ़ के डाक्टर अमरसिंह जी भी आकर सत्याग्रह में सम्मिलित हो गये क्योंकि खेतड़ी राव राजाजी ने रामगढ़ सेवा समिति के उत्साही सेवक वंशीधरजी को गिरफ्तार कर लिया था। चिड़ावा सेवा समिति के स्वय सेवक गुलाबरायजी आदि निरपराध पकड़े गये थे और खेतड़ी राजाजी इसी विचार में थे कि मारवाड़ी चुपचाप जुल्म सह लेते हैं। परन्तु जब खेतड़ी राव राजाजी ने कलकत्ते के मारवाड़ियों का तीव्र आन्दोलन देखा और राजस्थानियों की एक मात्र प्रतिनिधि संस्था राजपूताना मध्य भारत सभा के मंत्री और स्वयं सेवकों का सत्याग्रह देखा और उनको जेल के कष्ट भोगने को उद्यत देखा तो वे भयभीत हो गये और चिड़ावा और रामगढ़ के स्वयं सेवकों को फौरन छोड़ दिया। सभा की भारी विजय हुई और सभा का यश और गौरव सारे राजस्थान में फैल गया। हम कलकत्ते की मारवाड़ी जनता व समाचार पत्रों के अनुग्रहीत है जिन्होंने इस

विषय मे पूर्ण आन्दोलन कर हमे सहायता पहुचाई। इस विषय मे जयपुर के उच्च अधिकारियो को भी बहुत कुछ लिखा गया था और सब के प्रयत्नो के फल॰ स्वरूप स्वय सेवको को छुडाने मे कृतकार्यता प्राप्त हुई।

पीसागण सत्याग्रह में सभा की भारी विजय

अजमेर इलाके मे एक इस्त-मुरारी इलाका है जिसका नाम पीसागण है। वहाँ राजा साहब पीसागण राज्य करते है। उन्होने प्रजा पर एक नया कर लगा दिया था। प्रजा पहिले ही बेगार लागता व करो से पीडित थी। इससे नये कर का विरोध किया और सभा को सूचना दी। सभा के मत्री कु वर चादकरणजी शारदा वहा गये। राजा साहब से प्रार्थना कर राजी नामे का बहुत प्रयत्न किया परन्तु जब न हुआ तो वहा ग्राम हितकारिणी सभा को दृढ किया। ग्राम निवा॰ सियो के लिये शारदा पुस्तकालय खोला और खूब आदोलन किया। मुकदमे भी चले, परन्तु प्रजा नही डरी और नया टैक्स नही दिया। अन्त मे कमिश्नर साहब अजमेर के बीच मे पडने से राजी नामा हो गया। टैक्स व बेगार माफ हो गई। सभा की विजय हुई। पीसागण की जनता को बधाई है।

जयपुर और बीकानेर राज्य में कार्य

सेठ जमनालाल जी बजाज, चादकरण जी शारदा, गौरीशकरजी भार्गव व कु वर नारायणसिहजी, कन्हैयालाल जी कलन्त्री आदि ने शेखावाटी में खद्दड के प्रचारार्थ व सेवा समितियो के स्थापनार्थ दौरा किया। सीकर, लक्ष्मणगढ, फतेहपुर, बिसाऊ, रामगढ आदि स्थानो मे शान्ति पूर्वक व्याख्यान हुए। वहा पाठशालाओं व पुस्तकालयो का निरीक्षण भी किया गया। परन्तु ज्यो ही डेप्यु- टेशन चुरू पहुचा तब बीकानेर का इन्सपेक्टर जनरल पुलिस कहने लगा कि तुम बीकानेर रियासत से चले जाओ। डेपुटेशन के सभासदो ने कहा कि हमे लिखित आज्ञा दो। यह उन्होने देने से इन्कार किया। इस कारण सेवा समिति चूरु मे व्याख्यान दिये गये और चूरु सेवा समिति से जो डेपुटेशन के सभासदो को अभि- नन्दन पत्र दिया गया था वह स्वीकार किया गया। परन्तु पुलिस रात भर पहरा लगाती रही और सुबह सेठ जमनालाल जी बजाज के नानेरे मे भोजन करने जाने से भी रोका गया। इस पर सत्याग्रह किया गया और डेपुटेशन ठीक वक्त पर प्रोग्राम के अनुकूल भोजन करने लगा।

बाद मे डेपुटेशन के सभासद रेल मे बैठ कर रतनगढ के लिये रवाना हुए। रतनगढ के स्टेशन पर सैकडो पुरुष प॰ माधोप्रसादजी एम॰ ए॰ की

अध्यक्षता में स्वागत के लिये उपस्थित थे । परन्तु बीकानेर की पुलिस ने उनको बेतें मार कर स्टेशन के प्लेट फार्म से बाहर कर दिया । और सेठ जमनालाल जी व चांदकरण जी आदि को जो प्लेट फार्म पर उतर आए थे जबरस्ती सिपाहियों ने गोदी में उठा कर गाड़ी में ढकेल दिया । सभा का डेपुटेशन शान्त पूर्ण उपायों से बीकानेर राज्य की भलाई के लिये ही वहां गया था परन्तु बीकानेरम हाराजा ने उसके साथ अनुचित और अमानुषिक वर्ताव किया ।इस कार्य से महाराज की नौकरशाही ने अपने पर वह काला धब्बा लगा लिया है जिसको वे नहीं धो सकेंगे और इसका उनको अवश्य आयु पर्यन्त पश्चाताप रहेगा ।

विसाऊ राज्य में अत्याचार

विसाऊ ठाकुर साहब ने अपनी प्रजा पर घोर अत्याचार कर रखे हैं । इसकी सूचना हम समाचार पत्रों में दे चुके हैं । यहाँ पर केवल हम जयपुर महाराज से प्रार्थना करते हैं कि वे इन अत्याचारों को शीघ्र हटाकर तथा अन्यायी को दण्ड देकर यश के भागी बनें

सीरोही में भील काण्ड

ईडर मेवाड़ व सिरोही आदि राज्यों के भील दुःखी और दरिद्र हैं । पानी की कमी से अनाज कम निपजा । घूंसखोरी की अति हो गई । टैक्सों के भार व बेगार का दुःख सहते 2 अत्यन्त दुःखी हो गये और जब महाराजाओं ने उनके आर्त नादों पर ही तर्स न खाया तो निर्बलों का अन्तिम उपाय सत्याग्रह उनको करना पड़ा । उन्होंने धार्मिक शपथ खाई कि हम लगान न देंगे और शान्ति पूर्ण आन्दोलन करेंगे । ईडर, मेवाड़ और सिरोही के राजाओं को भीलों का संगठन बुरा लगा और उन्होंने उन पर नाना प्रकार के अत्याचार किये । सिरोही में गोली वर्षा कर खून खराबी भी की गई व झोपड़ियें भी जलाई गईं परन्तु गरीब भीलों की ओर से प्रतिकार में अस्त्र प्रयोग नहीं किया गया । वे अहिंसात्मक रहे सभा के सहकारी मंत्री भीलों के अत्याचारों की तहकीकात करने स्वयं सिरोही गये व भाई मनिलाल जी कोठारी सभा के सदस्य ने अधिक खून खराबा रोकने का पूर्ण प्रयत्न किया । तत्पश्चात् कन्हैयालाल जी मंत्री सभा आपत्ति ग्रस्त भीलों की सहायतार्थ चंदा एकत्रित करने कलकत्ते गये और वहां जाकर चंदा एकत्रित किया जिसका विवरण इसी रिपोर्ट में दिया गया है व उस समय कुंवर चांदकरणजी शारदा अन्यायी नौकरशाही द्वारा छः मास का कठिन कारागृह भोग रहे थे । इस वास्ते कलंत्री जी ने जेल में मिल कर अनुमति ली थी । जेल से छूटने के बाद सभा की ओर से कुवर चांदकरण जी पं० अर्जुनलालजी सेठी, पं० रामचन्द्र

जी वैद्य, डाक्टर अम्बालाल जी आदि सिरोही के दिवान, प० रमाकान्त जी मालवीय से भीलो के सहायतार्थ मिले। उन्होने उत्तर दिया कि भीलो के दु ख दूर कर दिये गये हैं। पूर्ण शान्ति है और सभा की ओर से भीलो की सहायतार्थ दिये हुए 100 कुरते व 200 टोपिया उन्होने अजमेर मे स्वीकार कर ली परन्तु सभा के किसी प्रतिनिधि को सिरोही राज्य मे जाकर सहायता बाटने की आज्ञा न दी और न भीलो की शिक्षा के लिए स्कूल खोलने की ही आज्ञा दी। हमे दु ख से सूचित करना पडता है कि भील सहायता फण्ड का एक पैसा भी सभा के कोष मे जमा नही हुआ। कुछ रुपया बी० एस पथिकजी के पास रह गया और कुछ रुपया रामकिशन जी मोहता कलकत्ते वालो के पास जमा है। इसका ब्योरेवार हिसाब इसी रिपोर्ट मे प्रकाशित है। हमे पूर्ण आशा है कि कलकत्ते के दानी सज्जन भील सहायता फण्ड का रुपैया सभा कोष मे भिजवाने पर पूर्ण बल देंगे ताकि इस रुपये को भील सहायता मे व राजस्थान के आपत्ति ग्रस्त देशी राज्य निवासियो की सहायता मे व्यय किया जावे।

हम सेठ रामकिशनजी मोहता को धन्यवाद देते हैं जिन्होने सभा के रुपये जो वैदिक प्रेस से प० अर्जुनलाल जी सेठी लेकर मनमाना उपयोग करना चाहते थे वह नही करने दिया और रुपये रोक दिये।

बिजोलिया का समझौता

22/9/56

सभा यह सहर्ष सूचित करती है कि जो आन्दोलन सभा ने चार वर्ष पहिले उठाया था वह सफलीभूत हो गया है और किसानो मे व रावजी दोनो मे परस्पर राजी नामा हो गया है। किसान अनुचित करों व लागो से बच गये हैं और सत्याग्रह की विजय पर अत्यन्त प्रसन्न है। हम बिजोलिया की वीर महिलाओ व पुरुषों के सत्याग्रह की विजय पर हृदय से बधाई देते हैं और राजस्थान सेवा सघ ने जो इस विषय मे सफलता प्राप्त की उसको भी बधाई देते हैं।

सभा की ओर से भेजे हुये कुरते टोपी वापिस

जिन कुरते टोपियो को सिरोही के दिवान श्रीमान् रमाकान्त जी मालवीय भीलो मे बाटने के लिये सभा की ओर से ले गये थे वे वापिस लौटा दिये। कितना अधेर है, कुछ रजवाडो की ऐसी ही दकयानूसी चाली पालिसी है। न खुद करते हैं, और न दूसरे को करने देते हैं। गरीब भीलो मे न स्वय वस्तु बाटते हैं। न दूसरो को बाटने देते हैं। इसी प्रकार इन भीलो के उद्धारार्थ न स्वय स्कूलें खोलते हैं और न दूसरो को खोलने देते हैं। परमात्मा इन देशी नरेशो को सुबुद्धि दे।

जब रमाकान्त जी मालवीय ने कुरते टोपी लौटा दिये तो पं० अर्जुन-लालजी उनकी बजाय सभा के दफ्तर मे पहुंचाने के अपने घर ले गये। सभा की ओर से पत्र लिखने पर भी उन्होंने नही लौटाये और उनका मन माना उपयोग किया।

भील ग्रासिया फंड विवरण

सिरोही राज्य के भीलों के दुःखित और आपदग्रस्त कुटुम्बों को सहायता पहुंचाने के अर्थ चंदा एकत्रित करने के लिये सभा के मं० भं० श्री कन्हैयालाल जी कलंत्री कलकत्ते गये।

उस समय श्री वी० एस० पथिक जी ने रा० से० संघ की सहयोगिता की उनसे प्रार्थना की। श्री कलंत्री जी ने कुल 6088 रु० का चदा एकत्रित किया जिनमें से 641 रु० राजस्थान सेवा सघ और रा० म० भारत सभा की संयुक्त रसीदों में किया गया, परन्तु फिर भी उन्होंने सहयोगिता के नाते 3162.50 रु० राजपूताना मध्य भारत सभा के सेवा विभाग के स० म० श्री डाक्टर अम्बालाल जी तथा इसी सभा के कोषाध्यक्ष श्री पं० रामचन्द्र जी वैद्य के द्वारा सेवा सघ में पथिक जी के पास भेज दिये। ता० 2 जून तक लगभग 1600 रु० पथिकजी को भेजा जा चुका था।

बूंदी के अत्याचार

बूंदी राज्य की प्रजा वहां की चाकर शाही के अत्याचारों से अत्यन्त दुःखी हैं। राज्य कर्मचारियों के लुटेरे पन तथा बेगार से गरीब किसान जर्जरित हो रहे हैं। बूंदी के बरड़ जिले में राजपूती गौरव आन व शान के विरुद्ध स्त्रियों तक पर हाथ उठाया गया और उनको लठियों से पीटा व बेइज्जती की। इस समाचार को सुनकर सभा ने अपना प्रतिनिधि उनकी सहायतार्थ तथा तहकीकात के लिये भेजा। हमारे प्रतिनिधि ने जो वहां जाकर तहकीकात की व दुःख दूर करने का प्रयत्न किया उसकी रिपोर्ट हम नीचे प्रकट करते हैं।

बूंदी की जांच

बूंदी में जो आजकल असंतोष की लहर उठ रही है उसकी जांच करने के लिये मैं कलंत्री वहां गया था कोटा पहुंचने पर ज्ञात हुआ कि बूंदी राज्य से कार्यकर्त्ताओं का, चाहे उनका कार्य किसी प्रकार का विधेयात्मक क्यों न हो, जाना एकदम बंद है। बूंदी जाने के लिये जो सड़क बनी हुई है वह उस राज्य की सीमा में बहुत ही दुर्दशा-पन्न है। खास नगर मे न सड़क है, न म्युनिसिपल कमेटी

ही। स्टेट कर्मचारियो का वेतन बहुत ही न्यून है। आठ 2 दस 2 रुपये मासिक वेतन के सब इन्सपेक्टर और तीस 2 रुपये महावार तक के तहसीलदार हैं। इसलिये राज्य मे रिश्वत का बडा दौर दौरा है। दान का भाग भी उसी को मिल सकता है जो अधिकारियो को भेट पूजा दे। एक दो को छोडकर राज्य के कर्मचारी प्राय दूरदर्शी नही हैं। व्यापार व कृषि की राज्य भर मे कोई सुविधा नही है। फिर भी अनाज घी आदि खाद्य पदार्थों का बाहिर निकलना बद होने के कारण वहां उपरोक्त वस्तुए दूसरे राज्यों की अपेक्षा सस्ती है। सभा की ओर से श्री कलत्री जी ने श्री बूंदी नरेश तथा अधिकारियो से मिलना चाहा। श्री नाजिम पन्नालाल जी तथा 3,4 दूसरे अधिकारी उनसे मिले जिनके साथ बूंदी बरड जिले की परिस्थिति पर लगभग 1 30 घन्टे तक बातचीत होती रही। आपने कहा कि बरड मे यदि पथिकजी के साथी पुरुषो को कानून भग के लिए और स्त्रियो को लठ लेकर राज्य के नौकरो का सामना करने के लिए नही उभारते तो यह घटना कदापि नही होती। लगभग 6 बजे बूंदी नरेश से मिल कर निम्नलिखित बातें निवदन की।

1. प्रत्येक 200 घरो के गाव मे एक हिन्दी स्कूल कायम किया जाय और हर एक कस्बे म एक लोअर मिडल अग्रेजी स्कूल खोला जाय।

2. हर एक गाव मे निर्वाचित पचों की पचायतियां कायम की जाये।

3. कस्बो मे और राजधानी में म्युनिसिपलटियां कायम की जायें जिसमे आधे सदस्य सरकारी और आधे सदस्य प्रजा द्वारा निर्वाचित रहा करें।

4 राज्य की काऊन्सिल म प्रजा द्वारा चुने हुए मेम्बर नियुक्त किये जायें।

5 आय-व्यय का बजट प्रति वर्ष बन कर सम्मति के लिये जनता के सम्मुख रखा जाय।

6 अनुचित लागतें और बेगार उठा दी जाय।

7 अजगरों की लूट खसोट रोकने का शीघ्र प्रबन्ध किया जाय।

8 राजनैतिक कैदियो के खानपान का प्रबन्ध भिन्न प्रकार का और सुविधाजनक हो।

9 स्वय दरबार प्रतिदिन प्रजा की पुकार सुना करे।

इस पर नाजिम पन्नालाल जी ने श्री दरबार की ओर से विचार कर दूसरे दिन उत्तर देने का वादा किया। और कलंत्री जी रा० मध्य भारत की ओर से नियमावली भेंट कर चले आए। दूसरे दिन श्री पन्नालाल जी ने कहा कि श्री दरबार ने कल के परामर्श पर धन्यवाद देते हुए फर्माया है कि बेगार बन्द कर दी गई है और राजनैतिक कैदियों को भी सुविधायें दे दी गई हैं शेष बातों को यथा सम्भव शीघ्र ही काम में लाने की चेष्टा की जावेगी। राज्य की मनशा दमन करने की नहीं है। सच्चे हालात जानने के लिये पौलिटिकल एजेंट हाड़ौती दौरा कर रहे हैं। देखें वे क्या करते हैं। हमें इतनी ही प्रसन्नता है कि बूंदी के अधिकारियों ने सभा के उद्देश्यों से सहानुभूति दिखलाई।

कोटा

यहां के दरबार साहब और दीवान साहब दोनों बहुत भले है। दरबार स्वयं प्रजा की शिकायतें गौर से सुनते हैं। अन्य राज्यों की अपेक्षा यहां की प्रजा को आराम और आजादी दोनों ज्यादा है। हां राज्य के अधिकारी आजकल अधिकतर जागीरदार वर्ग में से लिए जाते हैं। इससे साधारण प्रजा में असंतोष की झलक आने लगी है। प्रजा को पूरे म्युनिसिपल हक प्राप्त हैं। सं० मन्त्री कलंत्री जी ने दीवान बहादुर चौबे रघुनाथदास जी से मिल कर रा० म० भारत सभा का आगामी अधिवेशन कोटे में करने की अनुमति चाही। इस पर दीवान साहब ने पूछा कि सभापति कौन है और देशी राज्यों में पहले कोई अधिवेशन हुआ या नहीं।

इसका यथोचित उत्तर दिया गया तथा सभा की रिपोर्ट और नियमावली को देख कर उन्होंने उत्तर देने को कहा। रिपोर्ट भेज दी गई परन्तु कोई उत्तर न मिला। सभा के मन्त्री कुंवर चांदकरणजी शारदा भी कोटा में पधारे थे। उनका व्याख्यान विना रोक टोक हुआ। उन्होंने कोटे की म्युनिसिपल कमेटी की कार्यवाही स्वयं कमेटी में भाग लेकर देखी। कोटे की म्युनिसिपल कमेटी के सभापति महोदय व सभासदों ने उन्हें आदर से बैठाया। हमें पूर्ण विश्वास है कि जिस प्रकार माइसोर, बड़ोदा, ट्रावनकोर, इन्दौर आदि राज्यों में प्रजामंडल का आज्ञा देते हैं उसी प्रकार कोटा नरेश भी राजपुताना मध्य भारत सभा का अधिवेशन कोटा राज्य में करने की आज्ञा प्रदान कर यश के भागी बनेंगे।

शोक

हमें दुःख है कि दीवान बहादुर चौबे सर रघुनाथदास जी दीवान कोटा का स्वर्गवास हो गया। हम उनके परिवार से हार्दिक सहानुभूति प्रकट करते हैं

और उनके सुयोग्य पुत्र से जो उनके स्थान पर नियुक्त हुए हैं यही निवेदन है कि वे अपने योग्य पिता के पदचिह्नों मे चलते हुए कोटा राज्य की उत्तरोत्तर उन्नति करे और प्रजा को अधिकाधिक शासन मे भाग प्रदान करे ।

तंवरा घाटी के भोमियो का फैसला

हमे अत्यन्त प्रसन्नता है कि तवराघाटी के भोमियो का निम्नलिखित शर्तों पर फैसला हो गया है। हम इन्हे हृदय से बधाई देते हैं।

जयपुर का भोमिया आन्दोलन
निर्णय की नकल

श्रीयुत ग्लेन्सी अध्यक्ष मन्त्री मण्डल जयपुर ने गत 18 सितम्बर को नीमका थाना मे भोमियो के समक्ष निम्नलिखित घोषणा की —

(1) जो जमीन भोमिया के कब्जे मे सदा से इस्तमरार के रूप मे चली आती है अथवा उसका इस्तमरार इजारा उनको किसी ऐसी आज्ञा द्वारा दिया गया है जिसका पता चल सकता है वह खालसे नही की जा सकेगी सिवाय ऐसी हालत के कि जब उनकी ओर से नाफरमानी जाहिर हो। इस जमीन पर लगान भी नही बढाया जायेगा। जिस व्यक्ति को यह उज्र हो कि इस प्रकार की इस्तमरार जमीन पिछले तीस वर्ष के समय मे खालस से करली गई अथवा उनका लगान बढाया गया वह अपने मुकदमे की दुबारा सुनवाई की जाने की प्रार्थना कर सकता है। उनके विषय मे कमिश्नर साहब जाच करेंगे और उसकी अपील कौंसिल में होगी। ऐसे मुकदमे की कोई फीस वसूल नही की जावेगी। ऐसी दशा मे यदि कोई विरुद्ध प्रमाण नही दिये गये तो यह समझा जावेगा कि सिवाय मामला खिराज या चकौती (?) की अदायगी इस्तमरारी के हक मे शामिल है।

(2) इसी प्रकार यदि किसी को यह उज्र हो कि पिछले तीस वर्ष मे वह बसर भोम (लगान मे से कुछ हिस्सा) पाने से वंचित रहा तो उपरोक्त व्याख्या के अनुसार मुकदमे की फिर से सुनवाई होने की दरखास्त कर सकता है।

(3) भोमिया अपने अधिकार के गाव की खान से अपनी घरू जरूरत के लिए जितना चाहे पत्थर ले सकेगा, उसका कोई बदला नही लिया जावेगा इसी तरह अगर राज्य को किसी सरकारी मकान बनवाने के लिए पत्थर की आवश्यकता होगी तो उसके लिये भी बिना मूल्य दिये पत्थर लिया जा सकेगा

राज्य की स्वीकृति लेकर खान का ठेका देने का भी हक होगा परन्तु आधा रुपया राज में जमा कराना होगा।

(4) शराब की जितनी भट्टियां भोमियों के घरू काम के लिए इस समय विद्यमान है वे इसी प्रकार कायम रहेगी। परन्तु आबकारी की नई व्यवस्था होने पर सारी घरू भट्टियां बन्द करदी जावेगी और भोमियों को उचित बदला दिया जावेगा।

